सावन, मास , वर्ष-10, अंक 134, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज, शुक्रवार 02 अगस्त, 2024

TM

नगर संस्करण

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

10 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association


JEEVAN EXPRESS NEWS

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

Enjoy Publicity



## प्रदेश आस/पास




# जिलाधिकारी ने मुण्डेरा स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया



(आधुकिन समाचार नेटर्वक)
**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले के जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल ने बुधवार को मुण्डेरा स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट का भण्डारण सुरक्षित ढंग से पाया गया। उन्होंने वहां पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, सुरक्षा व्यवस्था तथा बारिस के दृष्टिगत कक्षों की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा उन्होंने वेयर हाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने का दिए निर्देश।

# तेजतर्रार आईपीएस अफसर अभिषेक यादव होंगे प्रयागराज रेलवे के नए एसपी



(आधुकिन समाचार नेटर्वक)
**प्रयागराज।** 2012 बैच के आईपीएस अभिषेक यादव को प्रयागराज रेलवे का एसपी बनाया गया है। आईपीएस अभिषेक यादव मथुरा और मुजफ्फरनगर के पूर्व एसएसपी भी रहा चुके हैं। जहां उन्होंने कुख्यात अपराधियों पर नकेल कसी, तो वहीं पुलिसकर्मियों के कल्याण में भी कई काम किये थे आईपीएस अभिषेक यादव अब प्रयागराज के रेलवे पुलिस अधीक्षक पद पर नियुक्त किए गए।

# वाहन स्वामी निर्वाचन में प्रयुक्त वाहनों की धनराशि के भुगतान हेतु कागजात 3 अगस्त तक जमा कर

(आधुकिन समाचार नेटर्वक)
**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में प्रयुक्त हल्के / भारी वाहनों के किराये भाड़े की धनराशि का मांग पत्र मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ को भेजा जाना है। जिन वाहन स्वामियों द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में प्रयुक्त हल्के / भारी वाहनों की लॉग बुक / बैंक खाता विवरण अभी तक जमा न किये गये हो तो दिनांक 03 अगस्त 2024 तक सम्बन्धित वाहन की लॉग बुक, रिलीज आर्डर, वाहन रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति, बैंक खाते की छायाप्रति कार्यालय परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 विकास भवन, प्रतापगढ एवं कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रतापगढ़ में उपलब्ध करा दें। यदि निर्धारित तिथि तक सम्बन्धित वाहन स्वामियों द्वारा लॉगबुक जमा नही की जाती है तो किराये/भाड़े की धनराशि का भुगतान किया जाना सम्भव नही होगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित वाहन स्वामी का होगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर को

(आधुकिन समाचार नेटर्वक)
**प्रतापगढ़।**अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला सुमित पंवार ने बताया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के तत्वावधान में व माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 14 सितम्बर 2024 दिन शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से जनपद न्यायालय के साथ साथ सम्पूर्ण जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेष रूप से बैंक के लम्बित मामले प्री0 लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त आपराधिक शमनीय वाद,एन0 आई0एक्ट की धारा 138 के वाद, बैंक वसूली. मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, पारिवारिक वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, राजस्व दाखिल खारिज, वरासत, खतौनी व बेदखली, चकबन्दी, श्रम, स्टैम्प आदि अन्य मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। उन्होने समस्त वादकारियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे जनपद न्यायालय प्रतापगढ़, परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, स्थायी लोक अदालत. उपभोक्ता फोरम, कलेक्ट्रेट न्यायालयों, तहसीलों, व खण्ड विकास कार्यालयों, नगर पंचायत कार्यालयों, बिजली से सम्बन्धित मामले, ई. चालानी से सम्बन्धित मामले, बाट माप से सम्बन्धित मामले, खनन से संबंधित मामले व जनपद के अन्य न्यायालयों अथवा विभागों में लम्बित मामलों को सुलभ समझौते से निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत को सन्दर्भित करायें। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जायेंगे। लोक अदालत मामलों के निस्तारण का सर्वोत्तम माध्यम है, जिसमें धन और समय दोनों की बचत होती है एवं इसमे न तो किसी पक्ष की हार होती है और न ही जीत होती है तथा मामले त्वरित गति से निस्तारित होते है। उन्होने सभी वादकारियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे अपने मामलों के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 14.09.2024 में अपने मामलों को सन्दर्भित करायें व अपने मामले का निस्तारण करवायें तथा जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों सके।

# सपा नेताओं ने फूंका सीएम योगी का पुतला, पुलिस में तीखी नोकझोंक, कई हिरासत में


(आधुकिन समाचार नेटर्वक)
**प्रयागराज।** विधान सभा में पास नजूल भूमि विधेयक को वापस लेने की मांग को लेकर सपाइयों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया। सिविल लाइंस से नारेबाजी करते हुए सपाई पत्थर गिरजाघर प्रदर्शन स्थल पर जा रहे थे। सुभाष चौराहे पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया और पुतला दहने से रोकने लगे। इससे आक्रोशित सपाइयों ने सुभाष चौराहा स्थित सिविल लाइंस पुलिस चौकी के सामने धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। नजूल भूमि संपत्ति विधेयक वापस लेने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संदीप यादव के नेतृत्व में सिविल लाइन सुभाष चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया सपाइयों ने



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला पहुंचने की कोशिश की। जिस पर उनकी पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने संदीप यादव समेत कई अधिक सपा नेताओं को हिरासत में ले लिया। इसको लेकर जमकर हंगामा हुआ। सपाइयों ने भाजपा सरकार और योगी सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। विधान सभा में पास नजूल भूमि विधेयक को वापस लेने की मांग को लेकर सपाइयों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया। सिविल लाइंस से नारेबाजी करते हुए सपाई पत्थर गिरजाघर प्रदर्शन स्थल पर जा रहे थे। सुभाष चौराहे पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया और पुतला दहने से रोकने लगे। इससे आक्रोशित सपाइयों ने सुभाष चौराहा स्थित सिविल लाइंस पुलिस चौकी के सामने धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे।

# हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को झटका मंदिर के पक्ष में आया फैसला

(आधुकिन समाचार नेटर्वक)
**प्रयागराज।** भगवान श्री कृष्ण लला विराजमान व शाही मस्जिद ईदगाह पक्षों के मध्य लंबित वाद में हाईकोर्ट ने वाद की पोषणियता मामले में मंदिर पक्ष में फैसला सुनाया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की अदालत ने की। हाईकोर्ट में 12 अगस्त से सिविल वादों की सुनवाई शुरू होगी। मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि- शाही ईदगाह विवाद में लंबित 18 सिविल वादों की पोषणीयता पर हिंदू पक्ष को बड़ी मिली है। कोर्ट ने कहा कि हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल सिविल वाद पोषणीय है। झटके पर झटका खा रही ईदगाह कमेटी हाइकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। मुस्लिम पक्ष की ओर से सभी सिविल वादों की पोषणीयता को लेकर दाखिल याचिका पर न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन अदालत ने दिन प्रतिदिन लंबी सुनवाई की थी। इसके बाद जून में फैसला सुरक्षित कर लिया था। बृहस्पतिवार को फैसला सुनाया गया। केस की अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी। हिंदू पक्ष के सिविल वाद शाही ईदगाह मस्जिद



का ढांचा हटाकर जमीन का कब्जा देने और मंदिर का पुनर्निर्माण कराने की मांग को लेकर दायर किए गए हैं। दावा है कि मुगल सम्राट औरंगजेब के समय की शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण भगवान कृष्ण की जन्मस्थली पर बने मंदिर को कथित तौर पर ध्वस्त करने के बाद किया गया है। इसलिए उस विवादित स्थल पर हिंदुओं को पूजा का अधिकार है। वहीं, वादियों की विधिक हैसियत पर सवाल खड़ा करते हुए मुस्लिम पक्ष का कहना है कि श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट और शाही ईदगाह कमेटी के बीच कोई विवाद नहीं है।विवाद खड़ा करने वाले पक्षकारों का जन्मभूमि ट्रस्ट और ईदगाह कमेटी से कोई रिश्ता, वास्ता और सरोकार नहीं हैं। इसके अलावा यह भी तर्क दिया है कि ईदगाह स्थल वक्फ की संपत्ति है। 15 अगस्त 1947 को यह मस्जिद कायम थी। पूजा का अधिकार अधिनियम के तहत अब धार्मिक स्थल का स्वरूप बदला नहीं जा सकता। बरहाल, महीनों चली लंबी बहस के बाद गुरुवार को फैसला सुनाते हुए इलाहाबाद हाइकोर्ट ने मुस्लिम पक्षकारों को तगड़ा झटका दिया है। मुस्लिम पक्षकारों की दलील है कि इस जमीन पर दोनों पक्षों के बीच 1968 में समझौता हुआ है। 60 साल बाद समझौते को गलत बताना ठीक नहीं है।

# जलकल और नगर निगम के विवाद में प्यासी मर रही पीडीए कॉलोनी की जनता


(आधुकिन समाचार नेटर्वक)
**नैनी। प्रयागराज ।** पीडीए कॉलोनी के डी ब्लॉक में जरा सी बारिश पूरी सड़क धँस गई जिसकी वजह से पानी की मुख्य पाइपलाइन टूट गई । पूरे पीडीए में लगभग 30 से 35 हज़ार की जनता में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है ।दो दिन बाद किसी तरह से जलकल और नगर निगम के आलाकमानों के कान में जूं रेंगी तो हड़बड़ी में घटनास्थल का दौरा किया ,बड़ी बड़ी जेसीबी मंगायी गई गड्ढे को और बड़ा किया गया ये देखने के लिए की आखिर समस्या है कहाँ । अंततः जलकल और नगर निगम ने ये कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया कि ये सीवर का कार्य हमारे कार्यक्षेत्र में आता ही नहीं ।आपसी विवाद के बाद जलकल और नगर निगम अपनी अपनी जेसीबी और मज़दूर लेकर वापस चले गये ।चूँकि गड्ढे को और बड़ा कर दिया गया तो पूरी रोड बाधित हो गई और दोबारा बारिश से गड्ढे में पुनः पानी भर गया । सवाल ये उठता है कि जलकल और नगर निगम के इस विवाद में जनता प्यासी बिलख रही है इसमें उनका क्या दोष इतने बड़े गड्ढे में यदि कोई बच्चा या कोई जानवर गिरता है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी कब तक पीडीए की जनता पानी के लिए त्राहिमाम करती रहेगी क्या हर समस्या का राजनीतिकरण होना चाहिए या समस्या का निदान ये भी क्या जनता तय करेगी।










DURGAWATI INTERNATIONAL SCHOOL & COLLEGE
URGENT REQUIREMENT
TRAINED & EXPERIENCED TEACHERS
FOR CLASSES VI to XII
SUBJECTS - ENGLISH, MATHS, S.ST , SCIENCE & COMPUTER
RESIDENCE FACILITY ALSO AVAILABLE FOR TEACHERS
Walk in Interview on 23-06-2024
Interested Candidates can send their Resume on the given contacts
Candidate should hold fluent English Communication Skill along with the qualified degrees
For more details Contact on: 7505561664, 9415017879

# देश/विदेश





# भारत

## संक्षिप्त समाचार

### पेड़ों की कटाई और मूसलाधार बारिश से भरभराया पहाड़, वायनाड भूस्खलन पर रिसर्च में खुलासा

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केरल में भीषणतम प्राकृतिक आपदा आने के कारणों में उसके पर्वतीय इलाके के पर्यावरण से छेड़छाड़ होना प्रमुख है। अव्वल तो वायनाड और आसपास के जिले अत्यधिक भूस्खलन वाले जोन में आते हैं। उस पर से जिन इलाकों में भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है, शहरीकरण और पर्यटन क्षेत्र के चलते वहां के जंगल ही साफ किए जा चुके हैं। उस पर से तीव्रतम मूसलाधार बारिश ने पहाड़ी को कई जगहों से बेहद



कमजोर कर दिया। वर्ष 2021 के स्प्रंगर के प्रकाशित शोध पत्र में बताया गया है कि भौगोलिक रूप से बेहद संवेदनशील क्षेत्र वेस्टर्न घाट में स्थित केरल के पर्वतीय इलाके भूस्खलन के हाटस्पाट हैं, जहां तकरीबन हर साल ही भूस्खलन होते हैं। लेकिन इस बार की त्रासदी जैसी पहले कभी नहीं हुई। वेस्टर्न घाट में स्थित केरल के इडुक्की, एर्नाकुलम, कोट्टयम, वायनाड, कोझिकोड और मल्लापुरम जिले सबसे संवेदनशील हैं। इसरो की ओर से पिछले साल जारी 'लैंडस्लाइड एटलस' के अनुसार भारत के तीस सबसे अधिक भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में दस केरल में हैं। केरल के वायनाड जिले में मंगलवार को विभिन्न पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी। इस प्राकृतिक आपदा के कारण अबतक 158 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 200 से अधिक लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं 1200 बचावकर्मी मौके पर तैनात हैं और लगातार बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

### बदल जाएंगे ये नियम, आम आदमी की जेब पर पड़ेगा असर

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गुरुवार यानी एक अगस्त से फास्टैग और आयकर रिटर्न दाखिल करने सहित कई नियम बदलने जा रहे हैं। इसका सीधा असर आपके कामकाज पर पड़ेगा। जिन नियमों में बदलाव हो रहा है,




उसमें गूगल मैप, फास्टैग और आईटीआर शामिल हैं। ऐसे में आपके लिए इन बदलाव को जानना जरूरी है, वरना आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। एक अगस्त से देशभर में फास्टैग के नए नियम लागू हो रहे हैं। ऐसे में वाहन चालक के लिए एक अगस्त से फास्टैग केवाईसी अनिवार्य होगा। नए नियम के तहत तीन से पांच साल पुराने फास्टैग हैं, तो आपको केवाईसी अपडेट कराना होगा। वहीं पांच साल से ज्यादा पुराने फास्टैग को 31 अक्टूबर से पहले तक बदलना होगा। बुधवार को आयकर रिटर्न दाखिल करने का आखिरी दिन था। अगर आप आईटीआर फाइल नहीं कर पाए है तो एक अगस्त, 2024 से जुर्माना देना होगा। नियम के मुताबिक पांच लाख से कम आमदनी वाले को एक अगस्त के बाद 1000 रुपये पेनाल्टी देनी होगी। साथ ही 5,000 रुपये तक जुर्माना देना पड़ सकता है। एचडीएफसी ने अपने क्रेडिट कार्ड के नियमों में एक अगस्त से बदलाव करने का एलान किया है। अब एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड के जरिये पेमेंट करने से लेकर क्रेड, चेक, मोबिक्विक, फ्रीचार्ज जैसे थर्ड पार्टी एप के इस्तेमाल करने पर आपको ट्रांजेक्शन राशि पर एक प्रतिशत देना होगा।

## एसटीएफ ने कामरूप जिले में विदेशी सिगरेट के 22,000 डिब्बे किए जब्त, एक व्यक्ति हिरासत में और तीन गिरफ्तार

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**गुवाहाटी (असम)।** असम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने असम के कामरूप जिले के अमीनगांव इलाके में विदेशी सिगरेट के 22,000



डिब्बे जब्त किए। इसकी जानकारी एक अधिकारी ने दी है। एसटीएफ टीम ने बुधवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और तीन अन्य को हिरासत में लिया। असम पुलिस के सीपीआरओ प्रणव ज्योति गोस्वामी ने बताया कि एसटीएफ, असम को खुफिया सूचना मिली थी कि सीओटीपीए, कर मानदंडों आदि का उल्लंघन करने वाली विदेशी सिगरेटों को एक ट्रक, जिसका पंजीकरण नंबर एचआर-38जेड-8530 है, के जरिए सिलचर से रायपुर (छत्तीसगढ़) ले जाया जाएगा और ट्रक को कामरूप जिले के अमीनगांव इलाके में रोका गया।असम पुलिस के सीपीआरओ ने बताया, तलाशी लेने पर फर्नीचर के नीचे छिपाकर रखे गए विदेशी सिगरेट के 11 बड़े कार्टन बरामद हुए और उन्हें जब्त कर लिया गया। कुल 22,000 सिगरेट के डिब्बे और 4,40,000 सिगरेट बरामद की गईं और चालक परशु बैश्य को गिरफ्तार कर लिया गया। असम पुलिस के सीपीआरओ ने बताया, स्टॉकिंग प्वाइंट के संबंध में चालक के कबूलनामे के आधार पर बोरागांव स्थित एमआर किंग गोडाउन के परिसर में छापा मारा गया और प्रबंधक साहिल दीवान तथा दो अन्य आशिक इकबाल और अजीत सलोई को हिरासत में लिया गया।उन्होंने कहा कि आवश्यक कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं। मामले की आगे की जांच जारी है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। इससे पहले, असम पुलिस ने कछार जिले में 9 करोड़ रुपये मूल्य की 30,000 याबा टैबलेट जब्त की और इस संबंध में एक आरोपी को गिरफ्तार किया, पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। धोलाई पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत काटाखल क्षेत्र में मादक पदार्थों के परिवहन के संबंध में एक विशेष इनपुट मिलने के बाद 27 जुलाई की रात को तलाशी अभियान चलाया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ढोलाई थाना अंतर्गत सप्तग्राम गांव निवासी अब्दुल अलीम (42) के रूप में हुई है। इस संबंध में अवैध परिवहन में इस्तेमाल की गई स्कूटी जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थ की खेप आइजोल से अवैध रूप से लाई गई थी।

## दिल्ली-एनसीआर और पहाड़ी राज्यों में भारी बारिश से सैलाब, येलो अलर्ट जारी

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर हिस्सों में जमकर बारिश हो रही है। बारिश के लिए तरस रही दिल्ली-एनसीआर में बुधवार शाम को हुई मुसलाधार बारिश ने जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी वहीं जलजमाव से उन्हें दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा उत्तराखंड में मानसून



की बारिश आफत बनकर बरस रही है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में बुधवार रात भर हुई बारिश से जिले भर में तबाही का मंजर देखने को मिला है। वहीं, केरल के वायनाड में हुए भयानक भूस्खलन से हुई जान-माल की भारी हानि के बाद राहत और बचाव कार्य को तेज कर दिया गया है। भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 167 पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में भारी बारिश होने के बाद दिल्ली सरकार को 1 अगस्त (गुरुवार) के लिए स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। तेज बारिश की वजह से मौसम विभाग अगले दो दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि गुरुवार और शुक्रवार को भी बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा हो सकती है। दोनों ही दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है उत्तराखंड में बुधवार को सुबह से घने बादल मंडराते रहे और देर शाम देहरादून में भारी बारिश हुई। करीब चार घंटे हुई मूसलाधार बारिश से पूरा शहर पानी-पानी हो गया। इस दौरान 90 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई मौसम विभाग मुताबिक, आज भी प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और चंपावत में कहीं-कहीं भारी से अत्यंत भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है उधर केरल में हुए जानलेवा भूस्खलन और चल रहे बचाव कार्य के बीच राज्य के कई जिलों में अभी भी तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि गुरुवार सुबह साढे पांच बजे तक कन्नूर 80 मिमी, कासरगोड में 114 मिमी, कासरगोड जिले में 97.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है विभाग ने हरियाणा में भी मध्यम गरज और बिजली के साथ मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना जताई है। राज्य के कुरुक्षेत्र, करनाल, हिसार, हांसी, सिवानी, महम, तोशाम, भिवानी में गुरुवार को बारिश हो सकती है। आंध्र प्रदेश में भी भारी बारिश दर्ज की गई है। राज्य में हुई तेज बारिश के बाद ज्यादातर तालाब, नदियां, जलाशय और डैम लबालब भर गए हैं। विजयवाड़ा में कृष्णा नदी पर बने डैम में पानी ज्यादा भर गया है, जिससे बाढ़ का पानी प्रकाशम बैराज तक पहुंच गया है। प्रसाशन ने श्रीशैलम जलाशय के गेट खोल दिए गए हैं, जिससे पानी निचले इलाकों की तरफ बढ़ रहा है।

## पिछले पांच वर्षों में सीवर साफ करते समय 377 लोगों की मौत, बीएसएफ में 10,145 पद खाली

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को एक प्रश्न का उत्तर देते हुए सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि देश में फिलहाल मैला ढोने की प्रथा की कोई रिपोर्ट नहीं है। इस दौरान उन्होंने



कहा कि पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सीवर और सेप्टिक टैंकों सफाई के दौरान कुल 377 लोगों की मौत हुई है। राज्यसभा चर्चा के दौरान बताया गया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सीवर और सेप्टिक टैंकों सफाई के दौरान कुल 377 लोगों की मौत हुई है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा को बताया कि इस साल 1 जुलाई तक सीमा सुरक्षा बल में कुल 10145 पद खाली हैं। असम में बाढ़ के कारण इस वर्ष अब तक 117 लोगों की मौत हुई है। भारत के सबसे लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण अक्टूबर, 2025 तक पूरा हो जाएगा। राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मंत्रालय ने 1,386 किलोमीटर की लंबाई वाले दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण शुरू कर दिया गया है। गडकरी ने कहा कि कार्य की भौतिक प्रगति 82 प्रतिशत पूरी हो चुकी है और 1,136 किमी लंबाई का निर्माण पूरा कर लिया गया है। असम में बाढ़ के कारण इस वर्ष अब तक 117 लोगों की मौत हुई है। पिछले पांच सालों में देखे तो बाढ़ से राज्य में 880 लोगों की जान चली गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि असम सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 2019 से 27 जुलाई 2024 तक असम में विनाशकारी बाढ़ के परिणामस्वरूप कुल 880 लोगों की जान चली गई। वहीं, 2023 में 65, 2022 में 278, 2021 में 73, 2020 में 190 और 2019 में 157 लोगों की मौत हुई है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा को बताया कि इस साल 1 जुलाई तक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में कुल 10,145 पद खाली है। इसमें 387 समूह ए में राजपत्रित अधिकारियों के लिए है, 1,816 पद समूह बी में अधीनस्थ अधिकारियों के लिए हैं और 7,942 पद समूह में अन्य रैंक समूह सी के लिए हैं। देश में सीमा सुरक्षा बल में वर्तमान रिक्तियों के विवरण के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने एक लिखित उत्तर में जवाब दिया। मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह ने बुधवार को कहा कि देश में चारे की कमी है। उन्होंने कहा, आइसीएआर-भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान (आइजीएफआरआइ) झांसी ने अनुमान लगाया है कि देश में हरे और सूखे चारे की क्रमशः 11.24-32 प्रतिशत और 23 प्रतिशत कमी है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश में दूध का उत्पादन 2018-19 में 18.77 करोड़ टन से बढ़कर 2022-23 में 23.06 करोड़ टन हो गया है। केंद्रीय मंत्री अनन्पूर्णा देवी ने बुधवार को कहा कि सरकार के राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर 30 अप्रैल 2024 तक चाइल्ड पोनी ग्राफी और दुष्कर्म के संबंध में लगभग 1.94 लाख शिकायतें दर्ज की गई हैं। राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से एनसीआरपी को 16.18 करोड़ से अधिक यूजर मिले हैं। घरेलू मांग को पूरा करने के लिए चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-मई अवधि के दौरान 11.32 लाख टन दालों का आयात किया। पिछले वित्त वर्ष यानी 2023-24 में सरकार ने 47.39 लाख टन दालों का आयात किया था। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमूबेन जयंतीभाई बंभानिया ने लोकसभा में बताया कि चालू वित्त वर्ष में अब तक 11.32 लाख टन दालों का आयात किया गया है।

## चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर सहित तीन राज्यों के लिए जारी किया तबादला निर्देश, इन अधिकारियों का होगा ट्रांसफर

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के निकट होने का संकेत देते हुए चुनाव आयोग




ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से अपने जिलों में तैनात अधिकारियों को स्थानांतरित करने के लिए कहा है। इसे चुनाव से पहले की जाने वाली कवायद के रूप में देखा जा रहा है। आयोग एक सतत नीति का पालन कर रहा है। आयोग ने इन जिलों के मुख्य सचिवों लिखा पत्र इसके तहत चुनाव वाले राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव के संचालन से सीधे जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिलों या उन स्थानों पर तैनात नहीं किया जाता है, जहां उन्होंने काफी लंबी अवधि तक अपनी सेवा दी है। आयोग ने ये निर्देश महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के मुख्य सचिवों को भी जारी किए हैं।लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले अधिकारियों के तबादलों से संबंधित निर्देश जारी करना चुनाव पैनल के लिए सामान्य बात है। हाल ही में इसने जम्मू-कश्मीर और तीन राज्यों में मतदाता सूची को अद्यतन करने का आदेश दिया था। चुनाव आयोग ने जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन अधिकारी को एक पत्र लिखा है जिसमें कहा गया है कि आयोग की नीति है कि चुनाव वाले राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव के संचालन से सीधे जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिलों या उन स्थानों पर तैनात नहीं किया जाता है जहां वह एक लंबे समय से तैनात है। इसलिए चुनावों से सीधे जुड़े किसी भी अधिकारी को वर्तमान जिले (राजस्व जिले) में बने रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अगर वह अपने गृह जिले में तैनात है या उसने उसने पिछले चार वर्षों के दौरान उक्त जिले में तीन वर्ष वर्ष पूरे किए हैं तो उसे स्थानांतरित किया जाए। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के निकट होने का संकेत देते हुए चुनाव आयोग ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से अपने जिलों में तैनात अधिकारियों को स्थानांतरित करने के लिए कहा है। चुनाव वाले राज्य या केंद्रशासित प्रदेश में चुनाव के संचालन से सीधे जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिलों या उन स्थानों पर तैनात नहीं किया जाता है जहां उन्होंने काफी लंबी अवधि तक अपनी सेवा दी है।

## हम भी करते हैं ट्रेन से यात्रा', स्पीकर ओम बिरला ने क्यों कहा ऐसा

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को चर्चा के दौरान भारतीय रेलवे और रेल कर्मियों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने सभी सदस्यों से रेल कमिन्यों के योगदान को पहचानने का आग्रह किया। रेलवे नेटवर्क होने के बाद भी अधिकांश ट्रेनें समय पर आती हैं। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय रेलवे और उसके कमिन्यों की प्रशंसा करनी चाहिए। एक बड़ा रेलवे नेटवर्क होने के बाद भी अधिकांश ट्रेनें समय पर आती हैं। संसद से इसके सभी



उन्होंने कहा कि वह भी ट्रेन से ही यात्रा करते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय रेल के सभी कर्मी पूरी लगन और मेहनत से काम करते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय रेलवे और रेल कमिन्यों की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि वह भी ट्रेन से ही यात्रा करते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय रेल के सभी कर्मी पूरी लगन और मेहनत से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि एक बड़ा कमिन्यों तक एक अच्छा संदेश जाना चाहिए। मालूम हो कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों में ही हाल के समय में देश में हुए त्रासदियों को लेकर बहस हुई। चर्चा के दौरान वायनाड में भूस्खलन, झारखंड में ट्रेन के पटरी से उतरने और दिल्ली में कोचिंग सेंटर में छात्रों के मौत का मामला उठा। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रेल कमिन्यों की जमकर तारीफ की।

## अब 'साथी' के साथ मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग करेंगे छात्र, प्राइवेट संस्थानों पर नकेल कसने की तैयारी में सरकार

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** निजी कोचिंग सेंटरों में छात्रों से न सिर्फ बड़ी रकम वसूलने बल्कि कई अन्य सवाल भी खड़े हो रहे हैं। इन पर नकेल की मांग उठ



रही है। ऐसे में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने बुधवार को राज्यसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए स्पष्ट कर दिया कि सरकार छात्रों को कोचिंग सेंटरों की दुनिया से बाहर लाना चाहती है और इसके लिए कानूनी और सामाजिक हर प्रयास किए जाएंगे। इसमें सरकारी 'साथी' ( सेल्फ असेसमेंट, टेस्ट एंड हेल्प ऑफ एंट्रेंस एग्जाम ) कारगर होगा। कोई भी छात्र करा सकता है रजिस्ट्रेशन उन्होंने कहा कि इसके जरिए जेईई मेन, नीट-यूजी व एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए निःशुल्क आनलाइन कोचिंग उपलब्ध हो रहा है, जिसमें आईआईटी, आईआईएम और एम्स के प्रोफेसर न सिर्फ पढ़ाएंगे बल्कि वह उनकी मदद के लिए ऑनलाइन उपलब्ध भी रहेंगे। कोई भी छात्र इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराकर पढ़ सकेगा।जेईई मेन, जेईई-एडवांस, नीट-यूजी और केंद्रीय सेवाओं के ग्रेड-2 व ग्रेड- 3 श्रेणी के कर्मचारियों के चयन के लिए आयोजित परीक्षा एसएससी की निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग शुरू कर दी गई है। इनमें जल्द ही विधि संस्थानों में प्रवेश से जुड़ी परीक्षा क्लेट,प्रबंधन संस्थानों में प्रवेश से जुड़ी परीक्षा कैट के साथ विश्वविद्यालयों में प्रवेश से जुड़ी परीक्षा सीयूईटी को शामिल करने की तैयारी है। इन सभी परीक्षाओं में हर साल देश के 50 लाख से ज्यादा छात्र शामिल होते है। ऐसे में यह पहल इन सभी छात्रों के लिए बड़ी मदद है। सरकार का इस दिशा में उत्साह तब बढा है, जब इस साल उन्हें जेईई मेन की कोचिंग में बड़ी सफलता मिली। इसके जरिए पढ़ाई करने वाले 12 सौ से ज्यादा छात्रों ने क्वालीफाई किया। साथी प्रोजेक्ट से जुड़े शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक आने वाले दिनों में इसे निजी ऑनलाइन कोचिंग के मुकाबले खड़ा करने की तैयारी है। जिसमें आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे देश के शीर्ष संस्थानों के शिक्षकों की मदद ली जा रही है। उनके विषय आधारित वीडियो और लेक्चर तैयार कराकर डाले जा रहे है। यह अंग्रेजी, हिंदी के साथ ही तमिल, कनन्ड व उर्दू जैसी भाषाओं में भी है। इस पहल को छात्रों के लिए इसलिए भी उपयोगी माना जा रहा है, क्योंकि इनमें पढ़ाने वाले शिक्षक की योग्यता में कोई संशय नहीं है, दूसरी इसके लिए छात्रों को निजी कोचिंग की तरह मोटी राशि नहीं चुकानी पड़ेगी। प्रतियोगी छात्रों की सुविधा के लिए शिक्षा मंत्रालय ने सरकारी आनलाइन कोचिंग साथी को वेब पोर्टल के साथ ही मोबाइल एप, यू-ट्यूब, डीटीएच चैनल आदि के जरिए भी उपलब्ध करा रही है। जिन छात्रों के पास इंटरनेट जैसी सुविधाएं नहीं है, उनके लिए ग्राम पंचायतों के कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर यह सुविधा मुहैया करा जा रही है। मंत्रालय ने इसे लेकर सीएससी के साथ करार भी किया है। मौजूदा समय में साथी प्लेटफार्म पर दस हजार से अधिक घंटों की अध्ययन सामग्री मुहैया कराई गई है। इसके लिए छह सौ से अधिक मेंटर जोड़े गए है। वहीं अब तक इससे डेढ़ लाख छात्र रजिस्टर्ड हो चुके है।

## एलएसीपर शांति बहाली के लिए सहमत हुए भारत और चीन, दोनों देशों ने की मौजूदा स्थिति की समीक्षा

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध को हल करने के



लिए बुधवार को बातचीत की। यह वार्ता भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) के ढांचे के तहत दिल्ली में हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने लंबित मुद्दों का जल्द समाधान खोजने के उद्देश्य से एलएसी पर मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। शांति और स्थिरता की बहाली और एलएसी के प्रति सम्मान द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए एक आवश्यक आधार है। भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में  पर जारी गतिरोध को हल करने के लिए वार्ता की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने लंबित मुद्दों का जल्द समाधान खोजने के उद्देश्य से एलएसी पर मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। मालूम हो कि पूर्वी लद्दाख में कुछ जगहों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गतिरोध बना हुआ है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और चीन के प्रतिनिधि दोनों सरकारों के बीच प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों और प्रोटोकॉल के अनुसार सीमा क्षेत्रों में जमीन पर शांति और स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमत हुए। मंत्रालय ने कहा कि बैठक में हुई चर्चा रचनात्मक और भविष्योन्मुखी थी। दोनों पक्ष स्थापित राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से बातचीत की गति बनाए रखने पर सहमत हुए। बताते चलें, पूर्वी लद्दाख में कुछ जगहों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गतिरोध बना हुआ है।

## कौन हैं प्रीति सूदन जो बनीं यूपीएससी की नई अध्यक्ष, विश्व बैंक के साथ भी कर चुकी हैं काम


**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सरकार ने पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन को संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह मनोज सोनी का स्थान लेंगी। वर्तमान में वह महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।सरकार ने प्रीति सूदन को संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष (ळझ्एण् ण्पिजेदह) नियुक्त किया है। वर्तमान में वह यूपीएससी सदस्य हैं और गुरुवार को



यूपीएससी सदस्य हैं और गुरुवार को कार्यभार संभालेंगी। उनका कार्यकाल अप्रैल 2025 तक होग 1983 बैच की अधिकारी हैं प्रीति सूदन मनोज सोनी ने चार जुलाई को इस्तीफा दिया था, जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया। प्रीति सूदन 1983 बैच की आंध्र प्रदेश कैडर की आईएएस अधिकारी हैं। वह जुलाई 2020 में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुईं। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सहित कई कार्यभार संभालेंगी। उनका कार्यकाल अप्रैल 2025 तक होगा। वह विश्व बैंक के साथ एक सलाहकार के रूप में भी काम कर चुकीं हैं। सूदन जुलाई 2020 में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुईं थीं उन्होंने खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग और महिला एवं बाल विकास और रक्षा मंत्रालय में सचिव के रूप में भी कार्य किया है। वह विश्व बैंक के साथ एक सलाहकार के रूप में भी काम कर चुकीं है।

मिर्ज़ापुर सोनभद्र






# जिले में चल रहे अवैध कोचिंग के खिलाफ दिया गया ज्ञापन

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनभद्र जिले के कार्यकर्ताओं ने जिले भर के शिक्षण संस्थानों एवं अवैध कोचिंग सेंटरों में व्याप्त अनियमित को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन कर 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक राष्ट्रवादी विचार धारा पर कार्य करने वाला एक छात्र संगठन है जो अपने निर्माण कार्य से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती चली आ रही है।और छात्र हित में सदैव कार्यरत है जिला भर में शिक्षा विभाग में व्याप्त अनियमितता, गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय, कोचिंग संस्थान, मानक की पूर्ति, जर्जर भवन, फीस वृद्धि, निजी प्रकाशन की पुस्तक, बालिकाओं हेतु उचित सुरक्षा व्यवस्था, खेल कूद हेतु उचित व्यवस्था, प्रयोग शाला, कंप्यूटर लैब, सीबीएसई एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में अनियमितता, रिक्त शिक्षको की पूर्ति एवं सुरक्षा मानक के विपरीत चल रहें लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर सेंटर की जांच, क्षमता से ज्यादा प्रवेश, संस्थानों की फायर सेफ्टी ऋ्ण् जांच सहित तमाम विषयो के संदर्भ में जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र जयराम सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दिया की यदि 07 दिवस के भीतर इन मांगों के ऊपर उचित प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की जाती है तो विद्यार्थी परिषद जिला भर में भारी संख्या में उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होगी। इस दौरान प्रांत जनजाति कार्य संयोजक मनमोहन निषाद, विभाग सह संयोजक सौरभ सिंह पंकज, प्रांत कार्यसमिति सदस्य कुंवर चतुर्वेदी, जिला संयोजक मृगांक दुबे, तहसील संयोजक घोरावल ललितेश मिश्र, फूलवंती गोंड,अनमोल सेठ, विश्वजीत साहनी, गोविंदा पठारी, वैभव पाण्डेय,सत्यम शुक्ला, रिषभ राज यादव, अनिकेत सिंह, संजय गोंड, श्याम पाठक, कुशाग्र दुबे, अभय शुक्ला एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।




# तीन माह से लापता युवती गुफा में नागिन जैसी हरकतें करती मिली, खबर फैली तो जुट गई भीड़

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** इसकी जानकारी होते ही लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। युवती सीमावर्ती झारखंड के



ही लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। युवती सीमावर्ती झारखंड के करिवाडीह गांव की रहने वाली है जो तीन माह से लापता थी। क्षेत्र के रानीडीह स्थित गुप्ता धाम गुफा में एक युवती नागिन जैसी हरकत करती मिली। इसकी जानकारी होते करिवाडीह गांव की रहने वाली है जो तीन माह से लापता थी। युवती की हरकतों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कोई इसे अंधविश्वास बता रहा है तो कोई इसे मानसिक रूप से अस्वस्थता का परिणाम। ग्रामीणों ने बताया कि करीब तीन माह पहले युवती गुप्ता धाम पहुंची थी। प्रधान प्रतिनिधि से मिलकर उसने महाशिवरात्रि पर वहां लगने वाले मेले में ही अखंड कीर्तन कराने की मंशा जताई थी। जंगल और सुनसान क्षेत्र होने के कारण ग्रामीणों ने आयोजन के लिए मना कर दिया था। इसके बाद से ही युवती लापता थी। महाशिवरात्रि के बाद लोग गुफा की ओर नहीं जाते इसलिए उसका पता भी नहीं चला। परिजन लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे। परिजनों के मुताबिक रविवार को वह गुफा तक आए थे लेकिन युवती नजर नहीं आई। सोमवार को गुफा की ओर दोबारा गए तो अंदर वह नागिन की तरह हरकत करती दिखी। घटना का वीडियो वायरल होते ही आसपास के लोग गुफा की ओर पहुंचने लगे, जिससे भीड़ जमा हो गई। देर शाम परिजन युवती को अपने साथ घर ले गए।

# सनातन संस्कृति के जीवंत उदाहरण थे संगठन मंत्री जवाहर प्रसाद मिश्रा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** खलियारी (सोनभद्र) नगवा विकास खंड क्षेत्र के खलियारी में स्थित निर्मल भवन के प्रांगण में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार के पूर्णकालिक कार्यकर्ता



रहे स्व जवाहर प्रसाद मिश्रा की स्मृति में पौधारोपण कार्यक्रम संपनन्न हुआ । इस दौरान अखिल भारतीय भगवान श्री परशुराम अखाड़ा परिषद के पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि धूल और धुएँ की बस्ती गोटी बांध में पले एक साधारण परिवार के बालक अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता के कारण संघ संपर्क में आए और उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मां भारती को समर्पित कर दिया.उनमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की संकल्पशक्ति,आचार्य चाणक्य की निश्चयात्मिका बुद्धि थी.जवाहर जी के बौद्धिक का ऐसा जादू था कि लोग उन्हें सुनते ही रहना चाहते हैं। उनके व्याख्यानों की प्रशंसा उनके विरोधी भी करते थे। उनके अकाट्?य तर्कों का सभी लोहा मानते हैं। उनकी वाणी सदैव विवेक और संयम का ध्यान रखती है। बारीक से बारीक बात वे हँसी की फुलझड.ियों के बीच कह देते हैं। उनकी मां की बात बौद्धिक में छन-छनकर आती रहती थी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख धनंजय पाठक ने कहा कि यद्यपि उनकी बौद्धिकता का प्रधान स्वर राष्ट्रप्रेम का था तथापि उन्होंने सामाजिक तथा वैचारिक विषयों पर भी तमाम कार्यों किया हैं। प्रकृति की छबीली छटा पर तो वे ऐसा मुग्ध होते हैं कि सुध-बुध खो बैठते थे । हिंदी के वरिष्ठ समीक्षकों ने भी उनकी विचार-प्रधान नई बौद्धिकता और सोच की सराहना की है. श्री जवाहर जी कहा करते थे कि राष्ट्रभक्त के आगे सच्चा लगाकर सच्चा राष्ट्रभक्त' कहना बहुत ही दिलचस्प प्रशन्न है अपने में राष्ट्र भक्त शब्द तो खुद में पूर्ण है उसके लिए सच्चा झूठा लगाने की आवश्यकता नहीं है। जो सच्चा है वो ही राष्ट्रभक्त है।मेरे लिए राष्ट्रीयता और मानवता एक ही चीज़ है. मैं राष्ट्रभक्त इसलिए हूं कि मैं मानव और सहृदय हूं.जिस राष्ट्रभक्त में मानवतावाद के प्रति उत्साह कम है, वह उतना ही कम राष्ट्रभक्त भी माना जायेगा.मैं भारत का विनम्र सेवक हूं और भारत की सेवा करने का प्रयास करते हुए, मैं समूची मानवता की सेवा कर रहा हूं. मैंने अपने जीवन के आरम्भिक दिनों में ही यह समझ लिया था कि भारत की सेवा और मानवता की सेवा के बीच कोई विरोध नहीं है. जैसे-जैसे मैं बड़ा हुआ, और शायद मेरी बुद्धि का भी विकास हुआ, मुझे लगने लगा कि मेरी धारणा ठीक ही थी और आज लगभग 50 वर्ष के सार्वजनिक जीवन के बाद, मैं यह कह सकता हूं कि मेरा इस सिद्धांत में विश्वास और दृढ़ हुआ है कि सनातन सेवा और देश सेवा के बीच कोई विरोध नहीं है. यह एक अच्छा सिद्धांत है. इसे अंगीकार करने से ही देश की स्थिति में तनाव घटेगा और विभिनन्न विभिनन्न जातियों में बटे सनातन व्यक्तियों के बीच के पारस्परिक ईर्ष्या समाप्त होगी. डा पी एन पांडे ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली है कि उसे जसौली की धरा पर जन्म लिए जहां जवाहर प्रसाद मिश्र जैसे राष्ट्रभक्त ने अपने जीवन काल का प्रथम शिशुरूलन एवं हंसी ली वे एक राष्ट्र उत्थान के कार्य हेतु जीवन पर्यन्त समर्पित रहे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक, महान मनीषी, उत्कृष्ट विचारक, कुशल संगठनकर्ता एवं सिद्धांतवादी राष्ट्रभक्त थे साथ ही, भारत की सनातन परम्पराओं, शौर्य गाथाओं, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. विनय कुमार पांडे ने कहा कि श्री जवाहर जी कहां करते थे मातृभूमि के प्रति हमारा दायित्व बहुत ही साफ है। जिस मिट्टी में हम पैदा हुए हैं, जिसकी भूमि में उपजाए गए अनन्न से हमारा पोषण होता है, जहां के पंचतत्व से हमारा विकास हुआ है ,उस राष्ट्र के प्रति हमारा कुछ कर्तव्य बनता है। देश के लिए अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की याद दिलाने के लिये कोई विशेष समय नहीं होता। यह प्रत्येक भारतीय नागरिक का जन्मसिद्ध अधिकार है कि वे देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझे और आवश्यकता के अनुसार उनका निर्वहन भी करें। विश्व के देशों के बहुत से ऐसे उदाहरण भरे पड़े हैं, जो कभी गरीब थे, लेकिन अपने देशवासियों की राष्ट्रभक्ति के बल पर विकसित देशों की कतार में आ खड़े हुए हैं।

# हिंडाल्को रेनूसागर में डेंगू.मलेरिया के बचाव पर कार्यशाला का आयोजन

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** हिंडाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के कुशल निर्देशन में हेड एच आर रेनुसागर शैलेश विक्रम सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण विकाश विभाग रेनुसागर ने टेकनेकल ट्रेनिंग सेंटर रेनुसागर में डेंगू.मलेरिया के बचाव पर मंगलवार 30 जुलाई 2024 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी, सोनभद्र धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव ने लोगो को जागरूक करते हुये अपने सम्बोधन में कहा कि डेंगू मलेरिया एवं वेक्टर जनित जैसी खतरनाक बीमारियों पर जनसहभागिता के द्वारा नियंत्रण किया जा सकता है। समय-समय पर एन्टीलारवल का छिड़काव, फॉगिंग तथा सोर्स रिडक्शन के द्वारा मच्छर के घनत्व को कम किया जा सकता है। डेंगू के मच्छर घर के आसपास इकट्ठा हुए पानी में पनपते हैं। साप्ताहिक अंतराल पर साफ-सफाई एवं सोर्स रिडक्शन के द्वारा लार्वा समाप्त हो जाता है। घर के अंदर कूलर, टूटे बर्तन, फ्रिज की ट्रे, गमले, टायर, निष्प्रयोज्य बर्तन, ओवरहेड टैंक एवं छत पर इकठ्ठा हुए पानी में मच्छर के लार्वा पनपते हैं। जिसे बहुत आसानी से पानी गिराकर एवं अंदर की सतह को साफ कर डेंगू से बचा जा सकता है। डेंगू-मलेरिया की जांच एवं उपचार समस्त सरकारी चिकित्सालय में मुफ्त उपलब्ध है। अतः किसी झोलाछाप के चक्कर में ना पड़े। झोलाछाप चिकित्सक के द्वारा बीमारी का आधा-अधूरा उपचार किया जाता है, इस प्रकार कुछ समय के लिए तात्कालिक आराम तो मिल जाता है किंतु बीमारी का पूर्ण एवं आमूल उपचार नहीं हो पता।साथ ही उन्होने बताया कि बुखार, बदन दर्द, आँखो के पीछे एवं पेट दर्द ये सभी डेंगू के लक्षण हैं। डेंगू की बीमारी हो जाने पर घबराए नहीं। इसका पूर्ण उपचार संभव है। बुखार आने पर तत्काल रक्त जाँच कराइए एवं डेंगू डाइगनेस हो जाने पर कम्प्लीट बेड रेस्ट के साथ ही लिक्विड भोजन करना चाहिए। यह बुखार अपने.आप ठीक हो जाता है कुछ परिस्थित में रोगी के शरीर पर चकत्ते होने, रक्त स्राव होने अथवा प्लेटलेट की मात्रा कम होने पर तत्काल चिकित्सालय में भर्ती होकर उपचार कराना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो ने कार्यक्रम की सरहना की।इसके पूर्व कार्यक्रम का संचालन करते हुए सी एस आर हेड अनिल झा ने प्रमुख रूप से जिला मलेरिया अधिकारी, सोनभद्र, धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव का बुके देकर स्वागत किया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये रेणुपावर के नगर प्रशासक विभाग के कर्मचारी , चिकित्सकलय के अधिकारीगण, विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाऐं प्रमुख रूप से सराहनीय सहयोग रहा।




# युवक का मिला क्षत-विक्षत शव, दो दिन से था लापता गुमशुदगी दर्ज कर तलाश रही थी पुलिस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रेलवे ट्रैक पर लाश मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा



है कि युवक करीब पांच दिन से लापता था। परिजनों ने इस बाबत थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। सोनभद्र के सदर कोतवाली अंतर्गत नगर पंचायत चुर्क के वार्ड नंबर 5 से दो दिन पहले लापता युवक का बुधवार को रेलवे ट्रैक पर शव मिला। घर से करीब दो किमी दूर ट्रैक पर शव क्षत-विक्षत हाल में पड़ा था। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वार्ड नंबर पांच निवासी गंगाधर चौधरी का पुत्र मनीष कुमार (30) रविवार की रात खाना खाकर कमरे में सोने गया था। सोमवार की सुबह वह कमरे में नहीं था। उसका मोबाइल फोन, पर्स सहित अन्य सामान कमरे में ही पड़ा था। परिजनों ने आसपास उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। मंगलवार को कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बुधवार की सुबह रेलवे ट्रैक की ओर गए लोगों ने वहां युवक का क्षत-विक्षत शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मृतक की शिनाख्त के बाद परिजनों को अवगत कराया गया। घटना से घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। चुर्क चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। सदर कोतवाल सत्येंद्र राय ने बताया कि ट्रेन से कटकर मौत की आशंका है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बालिकाओं के नामांकन को लेकर सामुदायिक गोष्ठी का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** चाइल्ड राइट्स एंड यू क्राइ की सहयोगी परियोजना



सोनभद्र विकास समिति द्वारा गुरुवार को ग्रामीण समुदाय पंचायत सदस्यों तथा फ्रंट लाइन वर्करों के साथ बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने को लेकर नगवा ब्लॉक के विरंचुवा, नंदना, पोखरौध, लौवा गाँव के समुदाय और पंचायत सदस्यों सर्विस प्रोवाइडर के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया । इसमे परियोजना सचिव राजेश चौबे ने बताया की क्राई राष्ट्रीय बाल अधिकार संगठन है और सोनभद्र जिले मे भी बालिकाओं का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित हो प्रत्येक अभिभावक अपनी बेटियों को कक्षा 12 वीं तक की शिक्षा पूरी कराये इसके लिए घर घर जागरूकता अभियान के साथ ही रैली, दीवाल लेखन, गोष्ठी का अभियान 4 जुलाई से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा है बीरनचुवा के रामविलास गोंड तथा लौवा के अमरजीत यादव ने कहा की यह चारों गाँव मकरीबारी पंचायत मे है इस पहाड़ ऊपर के चार गांवों के बीच सिर्फ एक प्राइमरी स्कूल है कई बार मांग करने के बाद भी अब तक मिडिल स्कूल नहीं बन सका है विरनचुवा , नंदना मे प्राथमिक विद्यालय भी नहीं है उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 10 किलोमीटर दूर है और यह क्षेत्र जंगली है जहां लड़कियों का अकेला जा पाना संभव नहीं है उन्होने शासन से स्कूल बनवाने की भी मांग किया । पंचायत के प्रधान ने भी कहा की बच्चों को शिक्षा से वंचित होना और बाल श्रम मे जाने का मुख्य कारण स्कूलों का अभाव है सरकार को प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देना चाहिए । बच्चों की शिक्षा पूरी करने के लिए उपस्थित लोगों ने संकल्प भी लिया । इस अवसर पर समन्वयक नागेश्वर सिंह, उर्मिला, रामनरेश, रामदुलारे, रामकेश, चन्दन, पंचायत सदस्य पुजा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# उपनिरीक्षक कमलेश यादव की लापरवाही पर पुलिस अधीक्षक की अबतक कोई कार्यवाही नहीं

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**राजगढ़/मिर्जापुर।** पिछले 4 दिनों में पुलिस अधीक्षक ने 46 पुलिसकर्मी को एक जगह से दुसरे जगह स्थानांतरित किया तो किसी को लाइन हाजिर किया लेकिन थाना राजगढ़ में तैनात उपनिरीक्षक कमलेश कुमार यादव की लापरवाही पर अब तक एसपी मौन पड़े हुए हैं। राजगढ़ में पिछले 2 सालों से चल रहे किसान इंटर कालेज प्रकरण में 14 मार्च को किसी तरह मुकदमा दर्ज किया गया था जिसकी विवेचना करने के लिए कमलेश यादव को नियुक्त किया गया था। मुकदमा दर्ज करने के 130 दिन के उपरांत भी चार्जशीट दाखिल नहीं किया गया है। इनकी ये लापरवाही चुनावी मतगणना के बाद से लगातार जारी है, मतगणना के बाद इनसे वार्ता किया गया तो इन्होंने चुनाव का बहाना दिया और बोला कि 10 दिन में विवेचना कर लेंगे और चार्जशीट दाखिल कर देंगे लेकिन अब तक इनके द्वारा चार्जशीट दाखिल नहीं किया गया है और ना ही कोई विधिक कार्यवाही की गयी है। इस पर थानाध्यक्ष राजगढ़ अमित कुमार भी सनने दबाए हुए हैं। इन सब प्रकरण की जानकारी पुलिस अधीक्षक को है फिर भी उनके द्वारा विवेचक पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है,इतने दिन? से लापरवाही करने के पीछे कोई मोटी रकम ही हो सकती है जो चार्जशीट दाखिल करने से रोक रही है। पुलिस अधीक्षक इस समय पुरे मुड में है तो उम्मीद यहीं है कि उपनिरीक्षक की लापरवाही पर भी उचित कार्यवाही की जाएगी और चार्जशीट जल्द कोर्ट में दाखिल किया जाएगा ताकि भ्रष्टाचार में लिप्त किसान इंटर कालेज राजगढ़ प्रबंध समिति पर उचित कार्यवाही हो और सुयोग्य प्रबंध समिति कालेज का संचालन करें।

# सीडीओ ने धीरज श्रीवास्तव को हटाने को दिया निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मेडिकल कॉलेज के औचक निरीक्षण पर मिली शिकायतों पर लगाई फटकार जिला अस्पताल में आए मरीजों के पर्चे पर लिख रहे बाहरी दावों पर जताई नाराजगी दवा काउंटर पर खड़ा होकर सीडीओ ने खुद जाती परख मिली गई खामियों पर भड़के सीएमओ मेडिकल कॉलेज को करें दिशा निर्देश दिए गए वहीं सीडीओ ने बताया कि दवा काउंटर पर चेक किया गया तो उसमें लापरवाही प्राप्त मात्रा में पाई गई परिचय पर लिखा दवाई भी उपलब्ध नहीं कर पा रहे काउंटर पर मौजूद कर्मचारी जिस पर नाराजगी चाटते हुए संबंधित मामले की जांच करने को निर्देश दिए गए इसी दौरान ब्रांच



प्रिंसिपल को संबंधित जांच को दिए निर्देश मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल का गुरुवार को सीडीओ सौरव गंगवार द्वारा अवचक निरीक्षण किया गया जिसमें मिली लापरवाही वह खामियों पर लगाई फटकार अस्पताल में अटैच धीरज श्रीवास्तव को हटाने को दिया निर्देश।सीडीओ सौरभ गंगवार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान मिले मरीजों से वार्ता की गई जिसमें मैरिज त्रिवेणी व लीलावती से जानकारी दी गई तो पता चला कि चिकित्सकों द्वारा बाहर के चेकअप वह दवा लिखी जा रहे हैं जिस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित सीएमओ व प्रिंसिपल पर लेटा हुआ मरीज को देखते हुए संबंधितों को फटकार लगाकर तुरंत दवा इलाज कराने को दिशा निर्देश दिया गया सीडीओ ने बताया कि संबंधित लापरवाही को नोट किया गया है जिस पर तत्काल जांच कर कार्रवाई करते हुए अवगत कराने को दिशा निर्देशित किया गया है ।वही मामले में सीएमओ डॉक्टर अश्वनी कुमार ने बताया कि सीडीओ सौरभ गंगवार के निरीक्षण में मिले कमियों को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा वहीं तैनात धीरज श्रीवास्तव को मेडिकल कॉलेज संयुक्त जिला अस्पताल से कहीं और करने के लिए प्रचार्य मेडिकल कॉलेज को लेटर लिखने को निर्देशित कर दिया गया है।


# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ सांसद प्रतिनिधि को दिए पत्र



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** गुरुवार को राष्ट्रीय



स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र शुक्ला के नेतृत्व मे वरिष्ठ कमिर्यो के साथ मा सांसद छोटेलाल खरवार के प्रतिनिधि सुनील सिंह गोंड से मिलकर मुख्यमंत्री के नामित कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन पत्र सौपा, साथ ही अवगत कराया की संगठन के कार्यक्रम के अनुसार कल भी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मा मुख़्यमंत्री उ. प्र. के नामित ज्ञापन सौपा जायेगा साथ ही मांगे न माने जाने पर दिंनाक 3-08-24 से दिनांक 5-08-24 तक ऑनलाइन रिपोर्टिंग बंद करके डिजिटल स्ट्राइक करके विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया जायेगा साथ ही तय कार्यक्रम के तहत दिनांक 7-08- 24 को लखनऊ पहुंचकर मिशन निदेशक कार्यालय का घेराव किया जायेगा ज्ञापन सौपने वालो मे मुख्य रूप से उपाध्यक्ष शिव सिंह, संगठन मंत्री, कामेश्वर राय, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश चतुर्वेदी, विमल सिंह, चंद्रकला, राहुल पाण्डेय,उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स



## टीम इंडिया के पूर्व कोच अंशुमन गायकवाड़ के निधन पर पीएम मोदी समेत क्रिकेटर्स ने जताया शोक

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर और कोच अंशुमन गायकलाड़ अब नहीं रहे। अंशुमन



लंबे समय से ब्लड कैंसर से जूझ रहे थे। उनकी हालत को देख कपिल देव ने मदद के लिए पूरा सपोर्ट किया कपिल देव ने उनकी मदद के लिए अपनी पेंशन डोनेट करने का फैसला किया था। वहीं, बीसीसीआई ने भी मदद करते हुए उनके इलाज के लिए 1 करोड़ रुपये देने का एलान किया था, लेकिन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को अंशुमान मात नहीं दे सके और 71 साल की उम्र में वह दुनिया छोड़कर चले गए। अंशुमन गायकवाड़ के निधन पर गौतम गंभीर समेत कई बड़ी हस्तियों ने दुख का इजहार किया है।दरअसल, पूर्व भारतीय कोच अंशुमन गायकवा क़ा 71 साल की उम्र में ब्लड कैंसर की वजह से निधन हो गया। 12 साल के करियर में गायकवाड़ ने 40 टेस्ट और 15 वनडे मैच खेले, जिसमें उन्होंने 2254 रन बनाए। 1983 में जालंधर में पाकिस्तान के खिलाफ 201 रन उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर रहा। अंशुमन की बीमारी का सबसे पहले उजागर पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल ने किया था। पाटिल ने बताया था कि गायकवाड़ एक साल से ज्यादा समय से अपनी बीमारी से बहादुरी से लड़ रहे हैं और लंदन में उनका इलाज चल रहा है। अंशुमन की बीमारी की जानकारी मिलने के बाद 1983 विश्व विजेता कप्तान कपिल देव ने उनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाया। मोहिंदर अमरनाथ, सुनील गावस्कर, संदीप पाटिल, दिलीप वेंगसरकर, मदन लाल, रवि शास्त्रा और कीर्ति आजाद जैसे पूर्व दिग्गजों ने भी उनकी बीमारी के इलाज के लिए पैसे जुटाने में मदद की लेकिन अंशुमन कैंसर जैसी बीमारी से लड़ते-लड़ते दुनिया को अलविदा कह गए। उनके निधन के बाद क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। पीएम मोदी से लेकर भारत के नए कोच गौतम गंभीर समेत कई क्रिकेटर्स उनके निधन पर दुख जता रहे हैं।

## श्रीलंका में देखने को मिली विराट-गंभीर की जुगलबंदी, मैच से पहले की लंबी चर्चा

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टी20 सीरीज में क्लीन स?वीप करने के बाद अब भारत की नजर श्रीलंका को वनडे सीरीज में मात देने पर होगी। सीरीज का आगाज 2 अगस्त से होगा। वनडे



सीरीज से विराट कोहली और रोहित शर्मा की वापसी हो रही है। नए हेड कोच गौतम गंभीर के कार्यकाल में यह पहली वनडे सीरीज है सीरीज की शुरुआत से पहले भारतीय प्लेयर्स ने नेट्स में जमकर अभ्यास किया। विराट कोहली और रोहित शर्मा ने नेट्स में खूब पसीना बहाया। इस दौरान मैदान पर विराट कोहली और गौतम गंभीर की जुगलबंदी देखने को मिली। दोनों ने आपस में लंबी चर्चा की। उनकी इस बातचीत की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। विराट कोहली और गौतम गंभीर अक्सर विवादों को लेकर चर्चा में रहते हैं। दोनों आईपीएल के दौरान दोनों कई बार भिड़ भी चुके हैं। दोनों के बीच विवाद सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा का विषय रहता है। हालांकि, असल जिंदगी में दोनों के रिश्ते काफी बेहतर हैं। हाल ही में गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में विराट कोहली से संबंध को लेकर कहा था, ये टीआरपी के लिए अच्छा है लेकिन मेरे और विराट के संबंध अच्छे हैं। लेकिन इस बात को पब्लिक करना मैं पसंद नहीं करता है। जरूरी है कि हम 140 करोड़ भारतीयों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।ठगौतम गंभीर ने विराट कोहली से मैसेज पर बात भी की थी। प्रेस कॉन?फ्रेंस में गंभीर ने कहा था, हमारी बात हुई है, क्या बात हुई है, कब हुई है, कोच बनने के बाद हुई है, कोच बनने से पहले हुई है ये मैं पब्लिक नहीं कर सकता हैं। हमारे बीच मैसेज में बात हुई है। मैं एक खिलाड़ी के तौर पर उनकी काफी इज्जत करता हूं। उम्मीद है कि हम मिलकर अच्छा काम कर सकेंगे। रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

## 19वां ओवर रहा है ग्रहण', रिंकू सिंह से क्यों कराई गेंदबाजी; कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बताई वजह

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**भारत ने श्रीलंका के खिलाफ टी20घ् में क्लीन स्वीप किया। आखिरी मैच में भारत सुपर ओवर में जीता। सीरीज जीतने के बाद जीत संभव है, भले ही भारत के पास केवल 137 रन थे। उन्होंने कहा कि रिंकू से नेट पर काफी बॉलिंग कराई गई थी। उनके अंदर बॉलिंग कर लेने का भी हुनर



कप्तान सूर्यकुमार यादव खुश दिखे। मैच के बाद सूर्यकुमार यादव ने रिंकू सिंह से गेंदबाजी कराने के पीछे कारण बताया। साथ ही खुद 20वें ओवर में गेंदबाजी करने आने के राज से पर्दा उठाया। कप्तान के रूप में सूर्यकुमार की आविष्कारशीलता और आखिरी दो ओवरों के लिए दो नए गेंदबाजों पर भरोसे ने खेल को सुपर ओवर में धकेल दिया। प्रेजेंटेशन में, उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास था कि है।सूर्यकुमार ने कहा, 19वां ओवर हमारे लिए ग्रहण रहा है। (हंसते हुए) मैंने रिंकू से कहा कि आप लंबे हो आपको बाउंस मिलेगा। नहीं, ये जोक सपाट, हमने रिंकू सिंह को नेट पर गेंदबाजी करते हुए देखा। प्रैक्टिस के दौरन उनसे गेंदबाजी कराई जाती थी। वो दांए और बांए हाथ के बल्लेबाजों को के लिए परेशानी पैदा करता है। उनके पास हुनर है। हमने बस उसी का उपयोग किया।

## कुलदीप की निगाहें दिग्गज ऑलराउंडर के रिकॉर्ड पर श्रीलंका में एक 'सिक्स' कर देगा सपना पूरा

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच शुक्रवार, 2 अगस्त से 3 वनडे मैचों की सीरीज का श्रीगणेश होगा। टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद कई प्लेयर्स को आराम दिया तक 103 वनडे खेले हैं। इस दौरान 100 पारियों में उन्होंने 26.01 की औसत और 5.05 की इकॉनमी से 168 विकेट चटकाए हैं। वह वनडे में 11वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं।



गया था। वनडे सीरीज से इनमें से कुछ खिलाड़ी वापसी भी कर रहे हैं। इनमें रोहित शर्मा, विराट कोहली और कुलदीप यादव शामिल हैं। इस सीरीज में चाइनमैन गेंदबाज कुलदीप यादव पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान का खास रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं कुलदीप यादव ने अपने करियर में अब इस लिट में 10वें नंबर पर इरफान पठान हैं, जिहोंने 120 मैच की 118 पारियों में 29.72 की औसत और 5.26 की इकॉनमी से 173 विकेट झटके थे। कुलदीप यादव को अगर इरफान पठान को पीछे छोड़ना है तो उन्हें श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में 6 विकेट चटकाने होंगे।

## धोनी ने बताया अपना फेवरेट बॉलर, बल्लेबाज की बात आई तो कहने लगे- 'मत पूछो यार'

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**महेंद्र सिंह धोनी दुनिया के सबसे सफल कप्तानों में शुमार हैं। उनके बारे में कहा जाता है कि धोनी को टैलेंट की पहचान है। ऐसे मौजूदा समय के फेवरेट भारतीय गेंदबाज और बल्लेबाज के बारे में पूछा गया। धोनी ने मौजूदा समय में अपने पसंदीदा गेंदबाज के बारे में बता तो दिया, लेकिन बैटर को बॉलर खराब हैं। लेकिन बैटिंग में पिक करना मुश्किल हो जाता है। जिसको देखो लगता है कि यही है भाई। फिर जब दूसरा आता है तो वो भी उतना ही अच्छा लगता



में अगर वह किसी की तारीफ कर दें तो समझ लीजिए की उसमें बहुत कुछ खास है। दो बार का ये विश्व विजेता कप्तान किसी की तरीफ कम ही करता है, लेकिन एक कार्यक्रम में जब उनसे सवाल किया गया तो वह अपना फेवरेट भारतीय गेंदबाज बताने से नहीं रह पाए। हालांकि, धोनी अपने फेवरेट भारतीय बल्लेबाज के सवाल पर गोल-माल जवाब दे गए धोनी का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह एक कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। वहां धोनी से उनके लेकर वह सवाल घुमा गए। ये धोनी का हाल ही का वीडियो इस बात की पुष्टि दैनिक जागरण नहीं करता है। धोनी से जब उनसे मौजूदा समय में भारत के फेवरेट गेंदबाज के बारे में पूछा गया तो उन्होंने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नाम लिया। उन्होंने कहा, ठबॉलर का आसान है। बुमराह है।ठ फिर जब फेवरेट बैट्समैन की बात आई तो धोनी ने कहा, ठबैट्समैन में बड़ी मुश्किल हो जाती है क्योंकि इतने सारे अच्छे-अच्छे बैट्समैन हैं ना हमारे पास, इसका मतलब ये नहीं की है। जब टीम इंडिया अच्छा करती रहेगी मैं बैट्समैन पिक नहीं करूंगा। बॉलर मैंने पिक कर लिया।बुमराह ने टीम इंडिया के लिए अपना पहला मैच 23 जनवरी 2016 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। इस मैच में भारत के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी थे। ये वनडे मैच था जिसमें बुमराह ने 10 ओवरों में 40 रन देकर दो विकेट हासिल किए थे। बुमराह ने जब से टीम इंडिया में कदम रखा है तब से लगातार सुधार किया है और आज वह मौजूदा समय के महान गेंदबाजों में गिने जाते हैं।

## यशस्वी जायसवाल ने कर दिया बाबर आजम का तगड़ा नुकसान, मोहम्मद रिजवान को भी नहीं छोड़ा, दोनों की छीन ली कुर्सी

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को तीन मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 से हरा दिया। नए कप्तान सूर्यकुमार यादव की स्थान पर ही कायम हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तूफानी ओपनर ट्रेविस हेड पहले नंबर पर काबिज हैं।सूर्यकुमार ने श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 मैचों में 92 ऋतुराज गायकवाड़ आठवें नंबर पर हैं। उन्हें श्रीलंका दौरे के लिए टी20 सीरीज में नहीं चुना गया था। टॉप-10 में सूर्यकुमार, यशस्वी और गायकवाड़ के अलावा कोई



कप्तानी में भारत ने पहली सीरीज में दमदार खेल दिखाया। इस सीरीज जीत का फायदा टीम के खिलाडि.यों को आईसीसी की बुधवार को जारी ताजा टी20 रैंकिंग में मिला है। टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अच्छी छलांग लगाई है और पकिस्तान के बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान को पछाड़ दिया है। भारत की टी20 टीम के नए कप्तान सूर्यकुमार यादव के पास इस सीरीज में दमदार प्रदर्शन कर रैंकिंग में पहले नंबर पर आने का मौका था, लेकिन वह इसमें असफल रहे। सूर्यकुमार दूसरे रन बनाए थे। वह सीरीज में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे, लेकिन इसका फायदा उन्हें हुआ नहीं है। वहीं भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल तीन मैचों में 80 रन बनाकर रैंकिंग में दो स्थान आगे बढ़ गए हैं। यशस्वी को दो स्थान का फायदा हुआ है और वह चौथे नंबर पर आ गए हैं। उनके आगे बढ़ने से पाकिस्तान के बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को घाटा हुआ। बाबर अब एक स्थान नीचे खिसककर पांचवें नंबर पर आ गए हैं। वहीं मोहम्मद रिजवान छठे नंबर पर आ गए हैं। भारत के और भारतीय नहीं है। टीम के दूसरे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को भी तगड़ा फायदा हुआ है। वह 16 स्थान आगे बढ़ते हुए 21वें नंबर पर आ गए हैं। गेंदबाजी में भारत के रवि बिशनेई भी टॉप-10 में आ गए हैं। श्रीलंका के खिलाडि.यों को भी हालांकि अच्छी खबर मिली है। भारत के खिलाफ सीरीज में दमदार खेल दिखाने वाले और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पाथुम निसंका 11 स्थान आगे बढ़ते हुए 15वें स्थान पर आ गए हैं। कुसल परेरा 40 स्थान आगे बढ़ते हुए संयुक्त रूप से 63वें स्थान पर हैं।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्न रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## हिम्मत है तो पाकिस्तान में खेलकर दिखाओ' पाक क्रिकेटर ने टीम इंडिया को ललकारा

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच जमकर हंगामा क्रिकेट टीम को अपने देश आने के लिए ललकारा है। पाकिस्तान में ही पिछले साल एशिया कप होना था, लेकिन बीसीसीआई ने इसके पाकिस्तान भेजने को लेकर मना कर रहा है। वह चाहता है कि ये टूर्नामेंट यूएई में आयोजित कराया जाए। लेकिन पीसीबी इस बात को



मचा हुआ है। ये टूर्नामेंट पाकिस्तान में खेला जाना है लेकिन बीसीसीआई ने टीम इंडिया को वहां भेजने के लिए साफ मना कर दिया है। ऐसे में पाकिस्तान की तरफ से लगातार बयानबाजी हो रही है। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज तनवीर अहमद ने तो अब भारतीय लिए जाने से मना कर दिया था। फिर पीसीबी ने श्रीलंका के साथ संयुक्त मेजबानी में ये टूर्नामेंट आयोजित किया था। पिछले ही साल भारत में वनडे वर्ल्ड कप खेला गया था जिसके लिए पाकिस्तान की टीम यहां आई थी। बीसीसीआई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम मान नहीं रहा है। ऐसे में तनवीर ने काफी आक्रामक बयानबाजी की है और भारतीय टीम को चुनौती दे डाली है। एनडीटीवी की रिपोर्ट में तनवीर के हवाले से लिखा है, ठहम शेर हैं। हम आपके घर में गए और खेले। अब आपमें हिम्मत है तो यहां आकर खेलकर दिखाओ। हम आपको सुरक्षा देंगे। हम आपको सब कुछ देंगे। एक बार आओ। सिर्फ पाकिस्तानी खिलाड़ी ही आकर खेल सकते हैं। हमारी टीम भारत गई और वहां खेली। इसे बहादुरी कहते हैं। संबंध नहीं हैं ठीक भारत और पाकिस्तान के राजनैतिक संबंध इस समय अच्छे नहीं है और इसी कारण बीसीसीआई वहां अपनी टीम भेजने को लेकर कतराता है। टीम इंडिया ने साल 2008 से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया। मुंबई में हुए आतंकी हमले के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध बिगड़ गए। पाकिस्तान पर अक्सर आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप लगते हैं। 2009 में श्रीलंकाई टीम की बस पर पाकिस्तान में आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। तब से पाकिस्तान में लंबे समय तक इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं हुई थी। 2017 में ही श्रीलंका ने पाकिस्तान का दौरा किया था। इसके एक साल बाद वेस्टइंडीज की टीम श्रीलंका गई थी। तब से फिर पाकिस्तान में इंटरनेशनल क्रिकेट लौटी है।

## सम्पादकीय

### शहरों में अवैध निर्माण बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित व सामान्य; छात्रों की मौत से उजागर

वास्तव में, देश भर में फैले ये कोचिंग संस्थान लाभ कमाने वाली मशीनें है, जो पारंपरिक गुरु-शिष्य परंपरा को मौद्रिक मूल्य में तब्दील कर रहे है। इनका व्यावसायीकरण बहुत ही स्पष्ट है, परीक्षा इतनी प्रतिस्पर्धी है कि युवा पढ़ाई करने और जीवन बदलने वाली वास्तविकता को हासिल करने के लिए देश भर में यात्रा करते है।कुछ वर्ष पहले देहरादून में एक साहित्यिक कार्यक्रम में मैं एक युवा लड़की से मिली। वह मुझसे मिलने के लिए बेहद उत्साहित थी, क्योंकि उत्तराखंड के एक छोटे-से शहर से निकलकर मैं दुनिया में अपनी जगह बना रही थी। वह बागेश्वर के सुदूर इलाके से थी और मुझसे आगे भी संपर्क बनाए रखने के लिए वह मेरा मोबाइल नंबर मांग रही थी। मैंने उसे अपना मोबाइल नंबर दे दिया। मैं भी उसके संपर्क में रहने से काफी खुश थी और अगले दो वर्षों तक हमारे बीच छिटपुट संवादों का आदान-प्रदान होता रहा। एक बार उसने मुझसे कहा कि देहरादून भले ही बड़ा शहर है, लेकिन उसकी आकांक्षाओं के लिए पर्याप्त नहीं है। वह अगला कदम उठाना चाहती थी और दिल्ली आकर आईएएस (सिविल सेवा परीक्षा) की तैयारी करना चाहती थी। मैं उसे यह समझाना चाह रही थी कि देहरादून में भी पर्याप्त कोचिंग संस्थान है और अंततः आईएएस परीक्षा में सफल होना या नहीं होना-यह सब व्यक्ति की अपनी क्षमता पर निर्भर करता है। मेरे अपने पिता नैनीताल के छोटे से पहाड़ी शहर से सिविल सेवा में सफल हुए थे। लेकिन वह अपनी बात पर अड़ी हुई थी, हालांकि दिल्ली में रहना उसके बजट से बहुत ज्यादा था। उसने मुझे बताया कि उसने काम करके कुछ पैसे बचाए है। उसकी एकमात्र समस्या किराये के घर की थी। वह आवास पर हर महीने 10,000 रुपये खर्च करने के लिए तैयार थी, लेकिन दिल्ली में अधिकांश आवासों, यहां तक कि साझे आवास का किराया भी कम से कम 15,000 रुपये प्रति माह या उससे अधिक था। इसके अलावा, वह दिल्ली में किसी को भी नहीं जानती थी और उसे अपना रास्ता खुद ही तलाशना था। मेरे तमाम तर्कों के बावजूद उसने अपना मन बना लिया था। मुझे एहसास हुआ कि वहां एक समानांतर संस्कृति मौजूद थी, और वह थी-आईएएस एस्पिरेंट की संस्कृति। यह एक ऐसी संस्कृति है, जिसमें न कोई बाध्यता है और न ही कोई बंधन। इस संस्कृति की यही विशेषता है कि जब कोई इन युवाओं से पूछता है कि आजकल क्या कर रहे हो, तो ये पूरी शान से जवाब देते हैं कि आईएएस की तैयारी कर रहे हैं। कोचिंग संस्थान से ज्यादा वह लड़की समाज और लिंग द्वारा निर्धारित सीमाओं से परे अपनी आकांक्षाओं के गहन अनुभव की तलाश कर रही थी। उसके लिए अपने जैसे सपने देखने वाले लोगों के बीच रहना ही एक बड़ी प्रेरणा थी, इसलिए इन कोचिंग सेंटरों पर पैसे खर्च करना, जिसमें वह सक्षम नहीं थी, उसके लिए कोई मुद्दा नहीं था। वास्तव में, देश भर में फैले ये कोचिंग संस्थान लाभ कमाने वाली मशीनें हैं, जो पारंपरिक गुरु-शिष्य परंपरा को मौद्रिक मूल्य में तब्दील कर रहे है। इनका व्यावसायीकरण बहुत ही स्पष्ट है, परीक्षा इतनी प्रतिस्पर्धी है कि युवा पढ़ाई करने और जीवन बदलने वाली वास्तविकता को हासिल करने के लिए देश भर में यात्रा करते हैं। यह बताने की जरूरत नहीं है कि ऐसे बहुत कम लोग होते हैं, जो अपने सपने को हकीकत में बदल पाते हैं। लेकिन उनकी व्यक्तिगत और सामूहिक कमजोरी का शोषण करना एक गंभीर मामला है, खासकर तब, जब तीन युवा अभ्यर्थी इन लाभ कमाने वाले कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में अपनी जान गंवा देते है। वे कोई असाधारण काम नहीं कर रहे थे, जिनमें जोखिम था, बल्कि वे महज पढ़ाई कर रहे थे। यह एक हृदय विदारक घटना है कि देश के तीन अलग-अलग हिस्सों के माता-पिता अपने बच्चों को अंतिम विदाई दे रहे हैं और हमें यह दुखद एहसास हो रहा है कि हमारी व्यवस्था की गंदगी और भ्रष्टाचार हमारे युवाओं को अपनी कमाई का शिकार बना रहा है। राव कोचिंग सेंटर अपने बेसमेंट में लाइब्रेरी चला रहा था। इस त्रासद घटना के दिन शाम भारी बारिश के कारण लाइब्रेरी में पानी घुस गया। ज्यादातर विद्यार्थी तो भागकर जान बचाने में सफल रहे, लेकिन तीन विद्यार्थी उस शाम हुई बारिश के पानी में डूब गए। इसे दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या ही कहा जा सकता है। बेसमेंट में नियमों का उल्लंघन करके लाइब्रेरी बनाई गई थी, जिसे नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण स्पष्ट रूप से अनदेखा किया गया।

# सवाल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के मौलिक अधिकार का है

राजधानी दिल्ली में एक नामी कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भरने से तीन भावी आईएएस बनने के इच्छुकों का बेमौत मारा जाना दरअसल तीनों की समूचे असंवेदनशील तंत्र द्वारा की गई हत्या है। भारत में शिक्षा कोचिंग के दुष्चक्र में फंसे छात्र छात्राओं द्वारा हर साल आत्महत्याओं की बात नई नहीं है, लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में एक नामी कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भरने से तीन भावी आईएएस बनने के इच्छुकों का बेमौत मारा जाना दरअसल तीनों की समूचे असंवेदनशील तंत्र द्वारा की गई हत्या है। इस घटना ने पहली बार यह मुद्दा शिद्दत से उठाया है कि आखिर छात्रों के भी मौलिक अधिकार हैं और उनकी हर हाल में रक्षा की जानी चाहिए दरअसल, मानवीय गरिमा से रहित माहौल में रहकर किसी परीक्षा को पास कर लेना भी अपने आप में नैतिक अपराध है। ऐसी ही एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अविनाश दुबे ने देश के सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी. वाय. चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर गुहार की है कि वो छात्रों के मौलिक अधिकारों को संरक्षित करें। यह अधिकार स्वस्थ वातावरण में जीते हुए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का है। हालांकि, देश में छात्रों के कुछ मौलिक अधिकार तो पहले से हैं। ये है शिक्षा का अधिकार, समान व भेदभाव रहित अवसरों का अधिकार, सूचना व निर्भीक अभिव्यक्ति का अधिकार। लेकिन शिक्षा के व्यवसायीकरण ने इन अधिकारों में स्वस्थ और तनाव रहित वातावरण में अध्ययन का अधिकार भी शामिल हो गया है। यह मुद्दा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि गिने- चुने कोचिंग संस्थानों को छोड़ दें तो अधिकांश में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लाखों छात्र किन हालात में जी रहे हैं, किस तरह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें बुनियादी सुविधाएं भी ठीक से मुहैया हैं या नहीं, इन पर शायद ही किसी का ध्यान जाता हो। खुद छात्रों और उनके अभिभावकों का ध्यान भी ज्यादातर इसी बात पर रहता है कि बच्चे का किसी तरह अच्छी नौकरी अथवा शिक्षा संस्थान में सिलेक्शन हो जाए बाकी बातें गौण हैं। कुछ दिनों की तकलीफ है। अंत भला तो सब भला। वो इस बात को भी दरकिनार कर देतें हैं कि कोचिंग संस्थान मोटी फीस लेने के बदले कैसी सेवाएं दे रहे हैं। ये कोचिंग संस्थान केन्द्र सरकार की उस गाइड लाइन का पालन कर भी रहे हैं या नहीं, जो ऐसे कोचिंग संस्थानों में आधारभूत सुविधाएं तथा सेवाएं देने के लिए बनाई गई हैं। हालांकि इसमें वो मानसिक दबाव शामिल नहीं है, जिसके कारण हर साल कई बच्चे बीच कोचिंग में ही आत्महत्या कर न केवल खुद की जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं बल्कि उन मां बाप को भी जीवन भर का जख्म दे जाते हैं, जो किसी तरह पेट काटकर अपने लाडले या लाडली को कुछ बनाने के लिए मुंह मांगा पैसा खर्च करते हैं। शिक्षा और कोचिंग सेंटर्स का कारोबार प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग का कारोबार और इसके पीछे का मनोविज्ञान भारत में अब एक विशाल उद्योग और कारोबार का रूप ले चुका है। कोचिंग भी मुख्यतः दो तरह की होती है। पहली नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तो दूसरी श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए। ये सिलसिला शिक्षण संस्थान में प्रवेश से लेकर अच्छी नौकरी पाने तक जारी रह सकता है। देश में आज 68 हजार 118 रजिस्टर्ड कोचिंग संस्थान चल रहे हैं और इनमें हर साल करीब 3 लाख छात्र कोचिंग लेते हैं। अनरजिस्टर्ड कितने हैं, इसकी जानकारी नहीं है। राजस्थान का कोटा शहर सबसे बड़ा कोचिंग हब है, जहां 146 कोचिंग सेंटर हैं। कोचिंग संस्थान छात्रों को परीक्षा पास कराने के लिए अपने यहां अच्छे ट्यूटर, पेपर सॉल्व करने की तकनीक, विषयवार अध्यापन, मॉक इंटरव्यू आदि आयोजित करने का दावा करते हैं। ये तस्वीर पेंट की जाती है कि उनके यहां एडमिशन लेने पर जनन्त का द्वार खुल जाएगा।प्रतियोगी परीक्षाओं के नतीजे आने के तत्काल बाद अखबारों में कोचिंग संस्थानों के बड़े-बड़े विज्ञापन छपते हैं, जिसमें सफल छात्रों की तस्वीरें और रैंक छापकर नए क्लायंट्स को आकर्षिक किया जाता है। ये कोचिंग में ऑन लाइन और ऑफलाइन दोनों होती हैं। ऑफ लाइन विद्याथिर्यों के रहने के लिए होस्टल, मेस तथा लायब्रेरी सुविधा होने का भी दावा किया जाता है। लेकिन हकीकत में ये सुविधाएं कहां और कितनी गुणवत्तापूर्ण होती हैं, यह बड़ा सवाल है। कई जानकारों का मानना है कि अगर स्कूल कॉलेजों में अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए तो कोचिंग संस्थानों की अमरबेल पनप ही नहीं सकती। लेकिन वो एक अलग कहानी है। एक अनुमान के अनुसार आज भारत में कोचिंग उद्योग आज 58 हजार करोड़ रू. का है, जो 15 फीसदी सालाना की दर से बढ़ रहा है। अगले चार सालों में इसके 1.33 लाख करोड़ रु. का हो जाने की संभावना है। कारण वही कि ज्यादा से ज्यादा लोग सरकारी नौकरी और बेहतर शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेना चाहते हैं, क्योंकि यही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। हालांकि इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि कोचिंग उद्दयोग करीब 10 लाख लोगों को रोजगार भी दे रहा है। इन सबके बावजूद दिल्ली की घटना शायद अपने आप में पहली ऐसी हिला देने वाली घटना है, जिसमें जिसमें एक किताबघर ही मौत के घर में तब्दील हो गया हो। इस भयंकर हादसे में जान गंवाने वाले तीनो विद्यार्थी श्रेया यादव, तान्या सोनी और नेविन डेल्विन अपने- अपने राज्यों से दिल्ली इस उम्मीद में आए थे कि वो कोचिंग लेकर यूपीएससी की कठिन परीक्षा पास कर आईएएस बनेंगे। लेकिन सिस्टम की लापरवाही ने उनके सपनो पर पहले ही गंदा पानी फेर दिया। आश्चर्य की बात तो यह है कि दिल्ली के राजेन्द्र नगर में जिस प्रतिष्ठित राउज आईएएस कोचिंग सेंटर में यह सब हुआ, उसे देश का पहला कोचिंग सेंटर माना जाता है। इसकी स्थापना 1953 डॉ. एस राव ने राजनीति विज्ञान की कोचिंग के रूप में कनाट प्रेस में की थी। बाद में यहां यूपीएससी परीक्षा की तैयारियों की कोचिंग भी शुरू हुई। अब इस कोचिंग संस्थान के मालिक अभिषेक गुप्ता हैं। संस्थान का ध्येय वाक्य है 'शिक्षा कभी बेकार नहीं जाती। 'इस संस्थान का दावा है कि 2024 में यूपीएससी में सफल छात्रों में से 281 छात्र राउज स्टडी सर्कल के हैं। शायद यही कारण है कि बच्चे इस संस्थान की बेसमेंट में बनी असुरक्षित लायब्रेरी में भी बैठकर पढ़ने में मशगूल थे और जब अचानक नाले का पानी वहां भरने लगा तो बच कर बाहर भी नहीं निकल सके। क्योंकि बिजली नहीं होने से बाहर निकलने का गेट भी जाम हो गया था। यहां सवाल यह भी है कि बेसमेंट जहां अमूमन पार्किंग, स्टोर आदि होता है, में लायब्रेरी बनाने का क्या औचित्य है? यह इस बात का भी परिचायक है कि हम भारतीयों के लिए पुस्तकालय का कितना महत्व है? किताबें हमारे घरों अथवा इमारतों में कहां जगह पाती हैं? इस हादसे के बाद सोया प्रशासन और बेपरवाह सरकार भी जागी है। देरी से जागने वालों में वो अफसर भी हैं, जो शायद किसी कोचिंग के बाद परीक्षा पास कर नौकरी में आएं हों। नाराज कोचिंग छात्रों के आंदोलन और व्यापक आलोचना के बाद कोचिंग संचालकों, बिल्डिंग मालिक और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार भी किया गया है। लेकिन यह सब चिडि़या खेत चुग जाने के बाद भी बातें हैं। यहां मूल मुद्दा यह है कि क्या सरकारें कोचिंग संस्थानों पर यह दबाव बना पाएंगी कि वो इस काम को महज अंधी कमाई का धंधा न मानकर मूलभूत और गुणवत्तापूर्ण सेवा के रूप में लें। क्योंकि कोचिंग संचालकों का अपना जाल है और पहुंच है। जबकि कोचिंग में पढ़ रहे छात्रों का कोई देशव्यापी संगठन नहीं है, जो उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए लड़ सके। कोई विद्यार्थी कोचिंग के बाद भी प्रतियोगी परीक्षा पास होता है या नहीं, यह अलग बात है, लेकिन जीने के सेहतमंद माहौल में परीक्षा की तैयारी करने के उसके मौलिक अधिकार की संरक्षा तो होनी ही चाहिए। दिल्ली जैसे महानगरों में गरीब और मध्यम वर्ग के सैंकड़ों तंगहाली में भेड़ बकरी जैसे हालात में परीक्षा की तैयारी करते हैं। वो चुपचाप सहते जाते हैं। ऐसे लोगों का कभी कोई सर्वे हुआ हो, जानकारी में नहीं है। केवल उन लोगों की फोटो जरूर छपती है, जो परीक्षा पास कर गए हैं। लेकिन उन छात्र छात्राओं का क्या जिनके मानवीय गरिमा के साथ अध्ययन करने और जीने के संवैधानिक अधिकार का हनन सुनियोजित तरीके से हुआ है?




# वायनाड भूस्खलन से कई गांव तबाह, मलबे से निकल रहे शव; अब तक 167 की मौत

केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन का कहर लगातार जारी है। भूस्खलन प्रभावित इलाकों में मरने वालों की संख्या 167 पहुंच चुकी है। वहीं लगभग 191 लोग अभी भी लापता हैं। इस बीच प्रभावित इलाकों में बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। भारतीय सेना, डीएससी केंद्र, प्रादेशिक सेना, एनडीआरएफ, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना के 1200 बचावकर्मी यहां तैनात हैं और लगातार बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। केरल सरकार ने बताया कि 200 से अधिक लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और 5,592 लोगों को भूस्खलन से प्रभावित इलाकों से बचाया गया।केरल के वायनाड में भूस्खलन से आई त्रासदी में अब तक 160 से भी अधिक लोगों की जान जा चुकी है वहीं 191 लोग लापता हैं। बचाव कार्य के लिए भारतीय सेना नौसेना वायु सेना एनडीआरएफ समेत कई दल युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं। हजारों लोगों को राज्य सरकार की ओर से राहत शिविरों में भेजा गया है।पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी घटना को लेकर केरल के सीएम से बात की है और केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। वायनाड त्रासदी का मुद्दा बुधवार को संसद में भी उठा। घटना पर चिंता जाहिर करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एनडीआरएफ की नौ टीमें पहले ही केरल भेजी जा चुकी है। साथ ही गृह मंत्री ने संसद में कहा कि केरल सरकार को एक हफ्ते पहले ही चेतावनी दे दी गई थी, लेकिन उन्होंने समय पर लोगों को नहीं निकाला। इधर, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं सहित 8,017 लोगों को जिले में स्थापित 82 शिविरों में स्थानांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में कहा, 'कैबिनेट की बैठक में स्थिति का मूल्यांकन किया गया। हम आदिवासी परिवारों को स्थानांतरित कर रहे हैं और उन लोगों को भोजन प्रदान कर रहे हैं, जो कहीं और जाने के लिए तैयार नहीं हैं। हमारे व्यापक और समन्वित बचाव कार्यों के माध्यम से कुल 1,592 लोगों को बचाया गया है। वर्तमान में, वायनाड में 82 राहत शिविर हैं, जिनमें जिले के 2,017 व्यक्तियों को रखा गया है।' उन्होंने कहा, 'मेप्पडी में आठ शिविरों में 421 परिवारों के 1,486 लोग रह रहे हैं, मुंडक्कई में बचाव कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और अट्टमाला एवं चूरलमाला में भी बचाव के प्रयास किए जा रहे हैं। आज अतिरिक्त 132 सेना कर्मी पहुंचे हैं। बचाव प्रयासों के लिए दो हेलीकॉप्टरों का भी उपयोग किया जा रहा है। कोझिकोड और थालास्सेरी सहित चार सहकारी अस्पतालों के डॉक्टरों की एक टीम भी सहायता के लिए पहुंचेगी।' इधर, जिला प्रशासन के मुताबिक मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ने की आशंका है और सैकड़ों लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। इससे पहले मूसलाधार बारिश के कारण मंगलवार तड़के मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ, जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह पहाड़ी दरकने की घटनाएं उस समय हुई जबकि लोग गहरी नींद में थे। पहला भूस्खलन देर रात करीब दो बजे हुआ और उसके बाद तड़के सवा चार बजे अगला भूस्खलन हुआ। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण काफी संख्या में मकान नष्ट हो गए। नदी-नाले उफन आए। रिहायशी इलाकों समेत चारों तरफ पानी और मलबा ही नजर आ रहा था। पेड़-पौधे उखड़ गए। कई वाहन पानी में बहते नजर आए। कई लोग सोते-सोते ही बाढ़ में बह गए। आपदा की विभीषिका का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बचावकमिर्यों को नदियों और कीचड़ से लोगों के क्षत-विक्षत अंग मिल रहे हैं।



# संविधान की नौवीं अनुसूची और आरक्षण, लेकिन क्या इससे होगा समस्या का समाधान

कई दल विवादों को?खत्म करने के लिए आरक्षण संबंधी?सभी कानूनों को?नौवीं अनुसूची में शामिल कराना चाहते हैं, क्या इससे समस्या का हल होगा? सुप्रीम कोर्ट ने?आरक्षण संबंधी मामले में पटना हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया है।?बिहार सरकार ने शीर्ष अदालत?में दावा किया था कि राज्य द्वारा किए गए जाति सर्वेक्षण ने 1992 के इंद्रा साहनी फैसले में शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा को तोड़ने के लिए आवश्यक सामाजिक परीक्षण मापदंडों को पर्याप्त रूप से संतुष्ट किया है। पटना हाईकोर्ट ने 20 जून को बिहार पदों और सेवाओं में रिक्तियों के आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) संशोधन अधिनियम, 2023 और बिहार आरक्षण (शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में) संशोधन अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को स्वीकार कर लिया था और दोनों कानूनों को भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता), 15 (भेदभाव के खिलाफ अधिकार) और 16 (रोजगार में भेदभाव के खिलाफ अधिकार) का उल्लंघन माना था। संविधान के अनुच्छेद 15(4) में, 'नागरिकों के किसी सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग या अनुसूचित जातियों व?अनुसूचित जनजातियों की उनति के लिए विशेष प्रावधान' करने का अधिकार दिया। अनुच्छेद 15 और 16 में महत्वपूर्ण शब्द 'केवल' है-जिसका अर्थ है कि यदि कोई धार्मिक, नस्लीय या जाति समूह अनुच्छेद 46 के तहत 'कमजोर वर्ग' का गठन करता है, तो वह अपनी उनति के लिए विशेष प्रावधानों का हकदार होगा। इस विशेष प्रावधान का अर्थ मुख्यतः आरक्षण है। देश में आरक्षण को लेकर अक्सर विवाद होता रहा है। इसलिए कई राजनीतिक दल आरक्षण पर बार-बार होने वाले विवाद को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए आरक्षण संबंधी सभी कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग करते रहे हैं। बिहार में 65 फीसदी?आरक्षण, ऐतिहासिक इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ के फैसले में शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन करता है। हालांकि, किसी कानून को नौवीं अनुसूची में रखने से उसे न्यायिक जांच से बचाया जा सकता है। तमिलनाडु पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (शैक्षणिक संस्थानों में सीटों का आरक्षण और राज्य के अधीन सेवाओं में नियुक्तियों या पदों का आरक्षण) अधिनियम, 1993, कॉलेजों और राज्य सरकार की नौकरियों में 69 प्रतिशत सीटें आरक्षित करता है। तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है, जहां पर सबसे अधिक 69 प्रतिशत आरक्षण है और यह व्यवस्था संविधान की नौवीं अनुसूची का हिस्सा है। 20वीं सदी की शुरुआत में उभरा द्रविड़ आंदोलन प्रभुतासंपनन समुदाय के खिलाफ शक्तिशाली भूमिधारक वर्गों का था, जो सत्ता के ज्यादातर?पदों पर काबिज थे। पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन को लगा कि आरक्षण आर्थिक आधार पर होना चाहिए, पर तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता ने विभिनन दलों?के साथ मिलकर तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव से मिलने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और अंततः आरक्षण प्रावधान को नौवीं अनुसूची में शामिल करवाया। हालांकि वर्ष 2007 में नौवीं अनुसूची को भी चुनौती दी गई (आई आर कोएलो बनाम तमिलनाडु राज्य), लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वसम्मति से नौ न्यायाधीशों के आधार पर फैसला सुनाया कि नौवीं अनुसूची के तहत रखे गए कानूनों को मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती, लेकिन उन्हें संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करने के आधार पर चुनौती दी जा सकती है। नौवीं अनुसूची में केंद्रीय और राज्य कानूनों की सूची है, जिन्हें अदालतों में चुनौती नहीं दी जा सकती। वर्तमान में 284 कानून न्यायिक समीक्षा से सुरक्षित हैं। वर्ष 2023 में छत्तीसगढ़ सरकार ने 58 प्रतिशत आरक्षण का दायरा बढ़ाते हुए राज्य में 72 प्रतिशत का दायरा बढ़ाया था। इस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। इसके बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में उच्च कोटा प्रदान करने वाले दो संशोधन विधेयकों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की है। ऐसे ही झारखंड सरकार ने विधानसभा में एक विधेयक पारित किया था, जो राज्य में रिक्त सरकारी पदों और सेवाओं में आरक्षण बढ़ाकर 77 प्रतिशत करने से संबंधित था।






# भाजपा नेता द्वारा राहुल गांधी को अपमान जनक भाषा बोलने पर कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को दिया ज्ञापन

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा के अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में सेक्टर 12 स्टेडियम हमारे नेता सांसद एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी पर भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जिसको लेकर नोएडा कांग्रेसियो ने विरोध प्रदर्शन कर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की उसके बाद एसीपी अरविंद कुमार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा,महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि भाजपा के नेताओ का घमंड लोकसभा में ले डूबा लेकिन भाजपा के नेताओ की सोच बदलने वाली नही है,वरिष्ठ नेता दिनेश अवाना ने कहा है कि हमारे नेता श्री राहुल गाँधी जी पर अपशब्द कहे जाने पर हम सब कॉंग्रेसजन घोर निंदा करते है,प्रदेश्य कॉंग्रेस सचिव पुरुषोत्तम नागर ने कहा है कॉंग्रेस कार्यकर्ता अपने नेता पर अपशब्द भाषा पर बिल्कुल बर्दाश नही करेगा हम सब कांग्रेसजन मांग करते है कि भाजपा नेता श्री अनुराग ठाकुर पर कार्यवाही होनी चाइए,पूर्व प्रदेश्य सदस्य सतेन्द्र शर्मा ने कहा है कि लगातार भाजपा नेता हमारे कॉंग्रेस नेताओ पर अपशब्द भाषा का प्रयोग करते है ये गलत है भाजपा के नेताओ को सत्ता का घमंड हो गया है जबकि जनता ने हाल ही में हुये लोकसभा चुनाव में भाजपा नेताओं को जनता ने सबक सिखाया है,अखिल भारतीय कॉंग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी ने भी इस भाषा की घोर निंदा की ओर कहा कि लोकसभा स्पीकर को एक्शन लेना चाइए,विरोध प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव,वरिष्ठ नेता दिनेश अवाना,प्रदेश्य सचिव पुरुषोत्तम नागर,पीसीसी सदस्य यतेंद्र शर्मा,पूर्व महानगर अध्यक्ष शहाबुदीन,वरिष्ठ नेता लियाकत चौधरी,पूर्व प्रदेश्य सदस्य सतेन्द्र शर्मा,वरिष्ठ नेता अभिषेक जैन,वरिष्ठ नेता दयाशंकर पांडेय,नेता विक्रम चौधरी,नेता आरके राणा,नेता रामकुमार शर्मा,कॉंग्रेस नेता प्रथम,वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र मुखिया,महिला नेता विरोदेवी,नेता परवेज खान,यूथ कॉंग्रेस के जिलाध्यक्ष जावेद खान,लोकेंद्र यादव,मुनेश यादव,रोबिन यादव,सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# विश्व स्तनपान सप्ताह (01-07 अगस्त) पर विशेष

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध बच्चे के लिए अमृत समान होता है। इसलिए नवजात को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान जरूर कराएँ। यह बच्चे को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित बनाने के साथ ही शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है। निमोनिया, डायरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों की जद में आने से बचाने में कारगर है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सक्षम माँ के पहले पीले गाढ़े दूध (कोलस्ट्रम) को इसीलिए बच्चे का पहला टीका कहा गया है। स्तनपान शिशु का मौलिक अधिकार भी है। इसलिए स्तनपान के फायदे के बारे में जानना हर महिला के लिए जरूरी है। इसके प्रति जागरूकता के लिए ही हर साल अगस्त के पहले हफ्ते को विश्व स्तनपान सप्ताह (01-07 अगस्त) के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम- ङ्खअंतर को कम करना, सभी के लिए स्तनपान सहायताङ्ग (क्लोजिंग द गैप : ब्रेस्टफीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल) तय की गयी है। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर व ब्रेस्टफीडिंग प्रमोशन नेटवर्क ऑफ़ इंडिया (बीपीएनआई) के आजीवन सदस्य मुकेश कुमार शर्मा का कहना है कि शिशु को छह माह तक केवल स्तनपान कराना चाहिए।



इस दौरान बाहर की कोई भी चीज नहीं देनी चाहिए, यहाँ तक कि पानी भी नहीं। छह माह तक माँ के दूध के अलावा कुछ भी देने से शिशु के संक्रमित होने की पूरी संभावना रहती है। अमृत समान माँ के अनमोल दूध में सभी पौष्टिक तत्वों के साथ पानी की मात्रा भरपूर होती है। इसके अलावा बीमारी की स्थिति में भी माँ बच्चे को पूरी सावधानी के साथ स्तनपान जरूर कराएं क्योंकि यह बच्चे को बीमारी से सुरक्षित बनाता है। श्री शर्मा का कहना है कि केवल स्तनपान कर रहा शिशु 24 घंटे में छह से आठ बार पेशाब कर रहा है तो समझना चाहिए कि उसे भरपूर खुराक मिल रही है। स्तनपान के बाद बच्चा कम से कम दो घंटे की नींद ले रहा है और बच्चे का वजन हर माह 500 ग्राम बढ़ रहा है तो चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि यह प्रमाण है कि शिशु को भरपूर मात्रा में माँ का दूध मिल रहा है। कृत्रिम आहार या बोतल के दूध में पोषक तत्वों की मात्रा न के बराबर होती है। इसलिए यह बच्चे के पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। इससे कुपोषण की जद में आने के साथ ही संक्रमण का जोखिम भी बना रहता है। बौद्धिक विकास को भी यह प्रभावित कर सकता है। छह माह तक केवल स्तनपान कराने से 11 फीसदी दस्त रोग और 15 प्रतिशत निमोनिया के मामले को कम किया जा सकता है। नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-5 (2020-21) के अनुसार उत्तर प्रदेश में जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान कराने की दर 23.9 प्रतिशत है। इसी तरह छह माह तक बच्चे को केवल स्तनपान कराने की दर एनएफएचएस-5 के सर्वे में 59.7 फीसद रही जबकि एनएफएचएस-4 के सर्वे में यह 41.6 फीसद थी।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## रिलीज से पहले ही खुल गया सस्पेंस, ऑनलाइन लीक हुआ हाउस ऑफ ड्रैगन सीजन 2 का फिनाले एपिसोड

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाउस ऑफ ड्रैगन के वेस्टरोसीज के एक्स हैंडल ने बुधवार को पोस्ट ने एपिसोड के टाइटल का नाम बदलकर 'द क्वीन हू एवर वाज' ऑनलाइन लीक हो गया है। एचबाओ ने खुद एक स्टेटमेंट जारी करके इसकी जानकारी दी। इसे जल्द से जल्द इंटरनेट से हटाया जाएगा। गुरुवार को एपिसोड लीक होने पर एचबीओ ने एक आधिकारिक बयान जारी किया। नेटवर्क ने कहा,ठहम जानते हैं कि हाउस ऑफ द ड्रैगन के सीजन फिनाले के क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आए हैं। क्लिप को एक इंटरनेशनल थर्ड पार्टी ड्रिस्ट्रीब्यूटर की मदद से बिना इजाजत पोस्ट किया गया था। एचबीओ इसकी निगरानी कर रहा है और क्लिप को इंटरनेट से हटाने की कोशिश कर रहा है। फैंस इस एपिसोड को इस रविवार रात एचबीओ और मैक्स पर पूरा देख सकते हैं।'हॉउस ऑफ द ड्रैगन' जॉर्ज आरआर मार्टिन के उपन्यास फायर एंड ब्लड पर बेस्ड है। दर्शक इसे इंग्लिश के अलावा हिंदी,तेलुगु,तमिल,बंगाली और मराठी भाषाओं में भी देख सकते हैं। हाउस ऑफ द ड्रैगन में उन घटनाओं को जगह दी गई है जो कि टार्गैरियन्स द्वारा सात राज्यों को एक साथ करने के 100 साल बाद की है।



फैंस सीजन 2 के फिनाले का ब्रेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मैट स्मिथ और ओलिविया कुक स्टारर इस सीरीज की स्ट्रीमिंग ध्ँ मैक्स और जियो सिनेमा पर होनी थी। लेकिन रिलीज से पहले ही इसका फाइनल एपिसोड ऑनलाइन लीक हो गया। मेकर्स ने एक्स पर दी जानकारी किया,ठक्ष्प्दलेध्ऊिर्पुदह का फिनाले सीजन जिसका टाइटल,'द क्वीन हू नेवर वाज' है। गलती से एपिसोड ऑनलाइन लीक हो गया है। कृपया रविवार को प्रसारित होने तक ट्विटर और टैग में जाने से सावधान रहें। पहले ही बहुत सारे स्पॉइलर ऑनलाइन चल रहे हैं। बाद में मेकर्स कर दिया।दो साल के अंतराल के बाद ध्ँ की एमी-नॉमिनेटेड ओरिजिनल सीरीज हाउस ऑफ द ड्रैगन अपने दूसरे सीजन के साथ धमाल मचा रही थी। हालांकि मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट बरकरार रखने के लिए फिनाले एपिसोड रिलीज नहीं किया था। यह अब

## आमिर खान ने होस्ट की बेटे की फिल्म महाराज की सक्सेस पार्टी, एक्स वाइफ रीना दत्ता संग दिए पोज

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आमिर खान के बड़े बेटे जुनैद खान भी अब फिल्मी दुनिया अब आमिर खान ने बेटे के लिए एक पार्टी होस्ट की, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही कैप्शन दिया गया, ठजीवन भर उनका फैन रहूंगा... तब भी उनसे प्यार करता था. अब और हमेशा प्रतिष्ठित नेता के अनैतिक आचरण पर सवाल उठाता है। महाराज के बाद अब जुनैद खान जल्द ही साई



में कदम रख चुके हैं। जुनैद खान की डेब्यू फिल्म 'महाराज' थी। जो 22 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। हालांकि, रिलीज से पहले फिल्म को लेकर कई तरह की कंट्रोवर्सी भी देखने को मिली, लेकिन जब ओटीटी पर आई तो दर्शकों ने खूब प्यार भी दिया। इसी के चलते है। आमिर खान ने बेटे की सफलता के लिए अब घर पर सक्सेस पार्टी का आयोन किया, जिसकी एक झलक डायरेक्टर सिद्धार्थ ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है और कैप्शन में लिखा, गुड टाइम्स और हार्ट इमोजी भी बनाया। फोटो में आमिर खान की भी झलक देखने को मिली, जिसमें उनसे और भी ज्यादा प्यार करता रहूंगा.सिद्धार्थ पी मल्होत्रा द्वारा निर्देशित फिल्म महाराज में जयदीप अहलात, शालिनी पांडे और श्रावरी स्पेशल भी नजर आए। महाराज की कहानी एक रियल ऐतिहासिक अदालती मामले पर आधारित है, जिसमें एक साहसी पत्रकार एक पल्लवी के साथ सह-कलाकार के रूप में निर्देशन और अभिनय करेंगे। फिल्म का निर्माण आमिर करेंगे और इसकी शूटिंग जापान में होने की खबर है। इसके अलावा जुनैद का नाम खुशी कपूर के साथ एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में भी सामने आ रहा है।

## कबीर बहिया संग डेटिंग की अफवाह के बीच आई कृति सेनन की सिजलिंग तस्वीरें, मोनोकिनी में दिखा किलर अंदाज

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस कृति सेनन (ख्रिग् ऐंहदह) इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को दावा किया गया कि सिगरेट पीने वाली महिला कृति सेनन हैं। कृति सेनन को लेकर इस तरह की तमाम अफवाहों का बाजार गर्म है। मगर हुए नजर आ रही हैं। इसमें एक्ट्रेस ने विक्ट्री वाला साइन बनाया है। कृति ने एक फोटो अपने कुछ दोस्तों के साथ भी शेयर की है। हालांकि, ऊपर की ओर देखते हुए स्टाइलिश पोज में नज आ रही हैं। नूपुर को किस करते हुए कृति ने अपनी बहन के लिए दिखाया प्यार। इन तस्वीरों



लेकर खूब सुखियां बटोर रही हैं। एक्ट्रेस ग्रीस में वैकेशन एन्जॉय कर रही हैं। वहां से अब उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लीक हुई हैं, जिनमें दावा किया गया कि एक्ट्रेस रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ हैं। एक स्मोकिंग वीडियो भी सामने आया, जिसमें रूमर्स से बिना डरे 'क्रू' एक्ट्रेस ने अपने वैकेशन से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनकी खूबसूरती और दोस्तों संग मस्ती ने लोगों का ध्यान खींचा है। कृति ने बहन नूपुर और दोस्तों के साथ कुछ कमाल की तस्वीरें शेयर की हैं। एक फोटो में वह ब्लू मोनोकिनी में स्माइल देते इस फोटो में फैंस को जिसकी तलाश है, वह नजर नहीं आ रहे। कृति का नाम यूके के बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ लंबे समय से जुड़ रहा है। इस ग्रुप फोटो में एक्ट्रेस के साथ वो नजर नहीं आ रहे। एक्ट्रेस की गैलरी से एक फोटो ब्लैक बिकिनी में भी सामने आई है। इसमें कृति में एक तस्वीर कृति ने वह भी शेयर की है, जिसमें उन्होंने सेलिब्रेशन की झलक दिखाई है। इन तस्वीरों को देख कई यूजर्स ने लिखा है कि कृति काफी क्यूट लग रही हैं। एक ने कमेंट किया, 'वाइब्स बहुत अच्छी लग रही हैं।' एक अन्य ने लिखा, 'कूल और सबसे प्रीटि। बहुत हॉट लग रहीं।

## कल्कि बॉक्स ऑफिस का सिंहासन छोड़ने के लिए नहीं है तैयार, अब भी जलवा बरकरार

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 2024 का पहला हाफ अगर किसी के लिए बॉक्स ऑफिस पर सबसे अच्छा साबित हुआ है, तो वह है प्रभास-दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन की साइंटिफिक फिल्म 'कल्कि- एनिमल जैसी फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़कर नया रिकॉर्ड बॉक्स ऑफिस पर कायम करती गई। अब भी फिल्म के हौसले बॉक्स ऑफिस पर काफी बुलंद हैं, क्योंकि 35वें दिन भी हिंदी में कल्कि 2898 एडी ने अच्छी कमाई की



2898 एडी'। 27 जून को रिलीज हुई इस मूवी को सिनेमाघरों में लगे एक महीने से ज्यादा का समय हो चुका है, लेकिन कल्कि बॉक्स ऑफिस का सिंहासन छोड़ने का नाम नहीं ले रही है। दुनियाभर में पहले 1000 करोड़ की कमाई कर चुकी प्रभास की फिल्म लगातार आगे बढ़ रही है। हिंदी भाषा में रिलीज बैड न्यूज जैसी फिल्मों के लिए प्रभास की मूवी अब भी खतरा बनी हुई है। बुधवार को हिंदी भाषा में फिल्म ने कितना बिजनेस किया, चलिए देखते हैं। सालार' और आदिपुरुष के बाद प्रभास के फैंस की उम्मीदें उनकी फिल्मों को लेकर टूटने लगी थी, लेकिन कल्कि 2898 एडी के साथ वह लोगों का विश्वास दोबारा पाने में सफल रहे। पहले ही दिन नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस मूवी ने 95 करोड़ की कमाई की थी, जो इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग है। उसके बाद ये मूवी गदर 2 से लेकर पठान और है। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, कल्कि ने बुधवार को सिंगल डे पर हिंदी भाषा में टोटल 48 लाख और तेलुगु में टोटल 4 लाख की कमाई की है। हिंदी भाषा में मूवी का टोटल कलेक्शन 286.18 करोड़ तक पहुंच चुका है। वहीं तेलुगु में फिल्म की टोटल 35 दिनों में 283.14 करोड़ की कमाई हुई है। कल्कि 2898 एडी पहले ही कई बड़ी फिल्मों को पछाड़ चुकी है और अब एक नए आंकड़े की तरफ बढ़ रही है। तमिल-तेलुगु, कनन्ड़-मलयालम और हिंदी सभी भाषाओं को मिलाकर मूवी का बिजनेस तकरीबन 634.88 करोड़ के आसपास पहुंच गया है। स्त्री से पहले कोई भी ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो कल्कि की रफ्तार को रोकने में कामयाब हो। अगर प्रभास की फिल्म इस रफ्तार से भी आगे बढ़ती है, तो ये इंडिया में 650 करोड़ का बिजनेस जल्द ही कर सकती है। दुनियाभर में फिल्म 1027 करोड़ कमा चुकी है।

## क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगा स्क्विड गेम मेकर्स ने आखिरी सीजन का भी किया एलान

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स की मशहूर कोरियन सीरीज स्क्विड गेम का पहला सीजन तीन साल पहले 2021 में रिलीज हुआ था, जिसने दुनिया भर में जमकर तहलका मचाया था। पहले सीजन में करीब इस साल दिसंबर में एक बिल्कुल नए सीजन के साथ लौटने के लिए तैयार है। इस शो के निर्माताओं ने सीजन 2 रिलीज के बाद सीजन 3 का भी एलान कर दिया है, जो साल 2025 में रिलीज होगा। बता दें, सीजन तीन इस शो का आखिरी



9 एपिसोड शामिल थे। इस शो को जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी, जिसके चलते दूसरे सीजन का इंतजार बेसब्री से किया गया। इस साल फरवरी में मेकर्स ने दूसरे सीजन की घोषणा करते हुए एक ली जुंग-जे (था व्हुर्हुं वें) का एक लुक शेयर किया था। अब 6 महीने बाद मेकर्स ने रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है। स्क्विड गेम सीजन 2 ने रिलीज डेट के साथ एक नया टीजर जारी किया है। पूरे 3 तीन साल बाद इस शो का दूसरा सीजन आ रहा है । मेकर्स ने गुरुवार को स्क्विड गेम सीजन 2 और आखिरी सीजन की रिलीज डेट का एलान कर दिया है। था व्हुर्हुं वें इस बार बदला लेने के मिशन पर है । गुरुवार यानी 1 अगस्त की सुबह-सुबह स्क्विड गेम के फैंस को शानदार सरप्राइज मिला है। नेटफ्लिक्स ने इस बात का एलान कर दिया है कि आखिर दूसरा सीजन कब रिलीज हो रहा है। सीजन होने वाला है। शेयर किए गए टीजर वीडियो में प्रतियोगियों के एक नए समूह को एक गेम में भाग लेते देखे जा रहे है। लाल और काले कपड़े पहने सैनिक किनारे पर खड़े होकर उन लोगों को देखते जो दौड़ते हुए ट्रैक पर गिर रहे हैं और उनकी मौत हो रही है और कैप्शन में लिखा- असली खेल शुरू होता है। स्क्विड गेम सीजन 2 जो 26 दिसंबर को आ रहा है, केवल नेटफ्लिक्स पर। अंतिम सीजन 2025 आ रहा है। यह एक थ्रिलर शो है, जिसके केंद्र में मौत का खेल है। शो के लीड एक्टर ली जुंग जे को लीड एक्टर इन ड्रामा सीरीज कैटेगरी में एमी अवॉर्ड दिया गया था।। बीते दिनों नेटफ्लिक्स ने दूसरे सीजन के कुछ अन्य किरदारों की झलक तस्वीरों के जरिए दिखाई थी। इसके साथ लिखा था- ठ्प्लेयर 456 इस साल आने वाले स्क्विड गेम सीजन 2 में कुछ भी करने के लिए तैयार है।ठ तस्वीरों में जुंग-जे, ली ब्युंग-हुन और गोंग यू शामिल थे।

## फिर आई हसीन दिलरुबा से पहले देख डालिए ओटीटी पर मौजूद तापसी पन्नू की ये फिल्में

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**तापसी पन्नू की फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। ये इकलौती ऐसी हिंदी डोमेस्टिक वॉयलेंस जैसे सामाजिक मुद्दे पर बनी फिल्म है। इस फिल्म को अनुभव सिन्हा ने डायरेक्ट किया है। अमृता के रोल में नजर आ रही तापसी पन्नू अपने पति से बेहद है जो विदेश जाने के लिए डंकी मारते हैं। इस काम में शाह रुख खान उनकी मदद करते हैं। इस पूरे रास्ते उन्हें किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है डंकी उसी



फिल्म है जिसका सीक्वल भी ओटीटी पर रिलीज हो रहा है। वहीं एक्ट्रेस तापसी पन्नू फीमेल लीड के तौर पर प्लेटफॉर्म पर राज कर रही हैं। आज आपको एक्ट्रेस की कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में बताएंगे जिन्हें आप आराम से ओटीटी पर देख सकते हैं तापसी पन्नू और पवैल गुलाटी स्टारर फिल्म थप्पड़ प्यार करती है और उसका खूब ख्याल रखती है। लेकिन एक पार्टी में पति की हरकत के बाद से वो उससे तलाक लेने का फैसला करती है। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं डंकी की कहानी 3 दोस्त मनु (तापसी पन्नू),बुग्गु (विक्रम कोचर) और जस्सी (अनिल ग्रोवर) की कहानी की कहानी है। डंकी को जाने माने डायरेक्टर राजकुमार हिरानी ने निर्देशित किया है। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। बदला एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है जिसे सुजॉय घोष ने निर्देशित किया है। इस फिल्म में उनके साथ अमिताभ बच्चन भी नजर आए। फिल्म में तापसी पन्नू के पति अर्जुन का मर्डर हो जाता है और हत्या का आरोप भी उसी पर लगता है। ये एक बेहतरीन मर्डर मिस्ट्री है जिसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। फिल्म नाम शबाना को शिवम नायर ने डायरोक्ट किया है। ये एक बॉलीवुड एक्शन स्पाई थ्रिलर ड्रामा है। फिल्म में तापसी पन्नू,अक्षय कुमार,मनोज बाजपेई, अनुपम खेर मुख्य भूमिका मे हैं। फिल्म की कहानी मुंबई में रहने वाली एक लड़की शबाना की है जो अपनी मां के साथ आराम से जीवन गुजार रही होती है। एक बार अचानक कुछ ऐसे हालात आते हैं जिसकी वजह से उसे स्पेशल टास्क फोर्स ज्वाइन करना पड़ता है। फिल्म रश्मि रॉकेट को आकर्ष खुराना ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में तापसी पन्नू,प्रियांशु पेन्युली,सुप्रिया पाठक,अभिषेक बनर्जी,सुप्रिया पिलगांवकर मुख्य किरदार में नजर आए। यह फिल्म सत्य घटनाओं पर आधारित है। एथलीट की जिंदगी उतार चढ़ाव भरी है ये फिल्म उस यात्रा को दर्शाती है। फिल्म महिला एथलीटों के स्वाभिमान पर चोट करती है। इस फिल्म को आप जी 5 पर देख सकते हैं।

## बेहतर मौकों की तलाश में हैं नोरा फतेही, बोलीं मुझसे ड्राइवर ने कहा था हीरोइन बनना है

**(आधुकिन समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ज्ञान जहां से मिले, ले



लेना चाहिए। ऐसा ही कुछ किया अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने भी। मजे की बात यह है कि हिंदी फिल्मों में अभिनेत्री बनने का सपना देखने वाली नोरा को हिंदी सीखने का ज्ञान मिला कार ड्राइवर से। इस बारे में बात करते हुए एक साक्षात्कार में नोरा कहती हैं कि जब काम की तलाश में मैं कनाडा से मुंबई आई, तो मेरा असली संघर्ष शुरू हुआ। मैं ऑडिशन देने जाया करती थी। एक बार जिस कार में मैं बैठी थी, उसका ड्राइवर मुझसे पूछने लगा कि आपको क्या करना है। मैंने कहा कि मुझे एक्टिंग करना है, स्टार बनना है। उन्होंने कहा कि ठीक है, तो फिर आपको पहले हिंदी सीखनी होगी। फिर मुझे लगा कि अरे इसके बारे में तो सोचा ही नहीं। यह तो मेरे प्लान का हिस्सा ही नहीं था। जब मैं कनाडा से अपना सामान पैक करके निकल रही थी, तब मैंने सोचा नहीं था कि हिंदी सीखनी है। मैंने हिंदी का टीचर ढूंढा। वह रोज छह से आठ घंटे हिंदी सिखाते थे। हिंदी के शब्द सीखने के लिए वह मुझे होमवर्क देते थे, मैं घर पर बैठकर वह होमवर्क करती थी। फिल्में और शोज देखने के लिए कहते थे। जो समझ में नहीं आता था, उसको लिखकर रखती थी फिर पूछती थी।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।